चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 73, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 10 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

भारत सरकार का प्रयास लाया रंग, पांच साल में बढ़े 200 टाइगर

3167 हुई बाघों की संख्या

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष पूरे होने पर इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। पीएम मोदी ने बाघों की नई गणना रिपोर्ट जारी की है। भारत में बाघों की संख्या बढ़कर 3 हजार 167 हो गई है। 2006 में यह संख्या 1411 थी। इससे पहले 2018 व 2019 में जारी बाघों की गणना में 2967 संख्या पाई गई थी।

भारत ने टाइगर को बचायाः इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी एक बेहत महत्वपूर्ण पड़ाव के साक्षी बन रहे हैं, प्रोजेक्ट टाइगर को 50 वर्ष हो गए हैं। भारत ने न सिर्फ टाइगर को बचाया है, बल्कि उसे फलनेफूलने का एक बेहतरीन ईको सिस्टम दिया है। उन्होंने कहा जब अनेक टाइगर रिजर्व देशों में उनकी आबादी स्थिर है या आबादी घट रही है तो फिर भारत में तेजी से बढ़ क्यों रही है? इसका उत्तर है भारत की परंपरा, भारत की संस्कृति और भारत के समाज में बायो डायवर्सिटी को लेकर, पर्यावरण को लेकर हमारा स्वाभाविक आग्रह।

प्रकृति की रक्षा करना भारतीय संस्कृति का अंगः प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उद्घाटन सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रोजेक्ट टाइगर बड़ी बिल्लियों की सुरक्षा और संरक्षण का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रकृति की रक्षा करना भारतीय संस्कृति का अंग है। प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व की बात है। भारत ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं और दुनिया की बाघों की आबादी का 75 फीसद भारत में है।

पीएम मोदी ने किया नामीबिया के चीतों का जिक्रः पीएम मोदी ने आगे कहा कि दशकों पहले भारत से चीते विलुप्त हो गए थे, हम शानदार चितों को नामीबिया और दक्षिण अफ्रिका से भारत लेकर आए। कुछ दिन पहले ही कूनो नेशनल पार्क में 4 सुंदर शावकों ने जन्म लिया है।उन्होंने कहा यह बिग कैट का पहला सफल ट्रांस-कॉन्टिनेंटल ट्रांसलेशन है। लगभग 30,000 हाथियों के साथ, हम दुनिया में सबसे बड़े एशियाई हाथियों की श्रेणी वाले देश हैं।

एलिफेंट व्हिस्परर्स डॉक्यूमेंट्री का पीएम मोदी ने किया जिक्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा जिस एलिफेंट व्हिस्परर्स डॉक्यूमेंट्री को ऑस्कर मिला है, वह भी नेचर और क्रिएचर के बीच के अद्भुत संबंधों की हमारी विरासत को दशार्ती है। मेरा आग्रह है कि आप हमारे आदिवासी समाज के जीवन और परंपरा से अपने देश और समाज के लिए कुछ न कुछ लेकर जाएं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थेप्पाकडू हाथी शिविर में हाथी को गन्ना भी खिलाया। पीएम मोदी ने ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' वाले कपल बोमन-बेली से भी मुलाकात की। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया की सात प्रमुख बड़ी बिल्लियों यानि बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता के संरक्षण एवं सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में 2014 के बाद से सातों जीवों की बढ़ी आबादी

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुलाई 2019 में विश्व नेताओं से इस पहल का आह्वान किया था, ताकि एशिया में इन जीवों के अवैध शिकार और व्यापार को रोका जा सके। बता दें कि देश में 2014 के बाद से इन सातों जीवों की आबादी बढ़ी है। इनमें बाघों की आबादी 33 प्रतिशत बढ़कर 2018 में 2,967 पर पहुंच गई, जबकि 2014 में यह 2,226 थी। बाघों की अंतिम गणना 2018 में हुई थी।

कपल बोमन-बेली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की मुलाकात, हाथी से भी मिले पीएम

मुदुमलाईः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के सितारों बोमन और बेली जोड़े से मुलाकात की। पीएम मोदी ने भी ट्वीट कर बोमन और बेली से मुलाकात के बारे में बताया। और अगली तस्वीरों में उन्हें जंगल सफारी के लिए खाकी रंग की शर्ट, पैंट और टोपी पहने देखा जा सकता है। पीएम मोदी ने 'प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के समारोह' का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने टाइगर रिजर्व के प्रबंधन प्रभावी मूल्यांकन के 5वें चक्र की सारांश रिपोर्ट 'अमृत काल का विजन फॉर टाइगर कंजर्वेशन' का विमोचन किया। उन्होंने अखिल भारतीय बाघ अनुमान (5वां चक्र) की सारांश रिपोर्ट भी जारी की। पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।

मिला बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री का ऑस्करः डायरेक्टर कार्तिकी गोंसाल्विस की एलिफेंट व्हिस्परर्स की प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा है। ये एक शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म है, जिसमें बताया गया है कि कैसे एक बुजुर्ग कपल बोमन और बेली, रघु नाम के एक छोटे हाथी की देखभाल करते हैं। फिल्म में इनके बीच के बॉन्ड को दिखाया गया है।

राम मंदिर निर्माण से अयोध्या में पूरा हो रहा बाल ठाकरे का सपना : एकनाथ शिंदे

अयोध्याः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रामजन्म भूमि में मन्दिर निर्माण कार्य को देखकर राम लला का दर्शन आरती कर हनुमान जी की प्रधानतम पीठ हनुमानगढ़ी में भी पूजन अर्चन किया। यहां पर शिवसेना के कार्यकताओं ने शिंदे का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री शिंदे के साथ उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिहं भी मौजूद रहे। हनुमानगढ़ी में संक्षिप्त सभा में मुख्यमंत्री शिंदे ने राम मंदिर निर्माण को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज बाल ठाकरे का सपना साकार होते देखकर अपार प्रसन्नता हुई है। उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर हमला बोला। यह कहते हुए कि लोग यह आरोप लगाते थे कि मंदिर निर्माण की तारीख नहीं बताएंगे और आज जब मंदिर बन रहा है ।

यूपी में निकाय चुनावों का ऐलान

4 और 11 मई को होगी वोटिंग, 13 मई को मतगणना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनाव का ऐलान कर दिया है। 4 मई को निकाय चुनाव की शुरूआत हो जाएगी, जो सिर्फ दो चरणों में होगी। पहले चरण में 4 मई को वोटिंग होगी जबकि 11 मई को दूसरे चरण का मतदान होगा। हर फेज में 9 मंडलों में चुनाव होगा। वहीं वोटों की गिनती 13 मई को होगी। चुनाव के दौरान 4.27 करोड़ वोटर प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में चुनाव आचार संहिता भी लागू कर दी गई है। रविवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनावों का ऐलान किया है। इसके तहत पहले फेज की वोटिंग 4 मई और दूसरे फेज की वोटिंग 11 मई को होगी। 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पहले चरण नामांकन होगा। 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक दूसरे चरण का नामांकन किया जाएगा। प्रत्याशियों को सिंबल आवंटन 21 अप्रैल को होगा। 13 मई को वोटों की गिनती की जाएगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका और 543 नगर पंचायत चुनावों के लिए मतदान कराए जाएंगे। इसके अलावा तकरीबन 4 हजार पार्षद इस प्रक्रिया के तहत चुने जाएंगे। बीते दिनो उत्तर प्रदेश सरकार ने निकाय चुनावों को लेकर आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत महिलाओं के लिए 288 सीटें आरक्षित की गई हैं। इसके अलावा ओबीसी के लिए 205 सीटें, एसस के लिए 110, एसटी के लिए 2 सीटें आरक्षित की गई हैं। ओबीसी आरक्षण को लेकर पेच फंसने के बाद ही दिसंबर 2022 में होने वाले चुनाव को अब कराया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार की ओर से जारी ओबीसी आरक्षण की अधिसूचना को खारिज कर दिया था ।

लोकसभा चुनावः सिब्बल की विपक्ष को नसीहत

नई दिल्लीः राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 2024 में बीजेपी से मुकाबला करने वाले गठबंधन के केंद्र में रहना चाहिए। विपक्षी दलों को एक मजबूत गठबंधन बनाने के लिए संवेदनशील होने की जरूरत है। साथ ही एक-दूसरे की विचारधाराओं की आलोचना करने में भी सावधानी बरतनी चाहिए।

विपक्ष से अपनी बात रखने के लिए प्लेटफॉर्म तलाशने को कहाः कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार का विरोध करने वाली सभी पार्टियों से अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए एक प्लेटफॉर्म तलाशने की अनुरोध किया। सिब्बल ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म 'इंसाफ के सिपाही' वेबसाइट भी हो सकती है, जिसे सिब्बल ने केंद्र सरकार के अन्याय से लड़ने के लिए यह प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि 2024 के लिए विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व के सवाल का इस स्तर पर जवाब देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने 2004 का उदाहरण भी दिया, जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार विपक्ष का पीएम फेस तय न होने के बावजूद लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता से बाहर हो गई थी।

मीडिया को गहलोत के बयान दिखाए, बोले-वसुंधरा पर एक्शन नहीं लिया, लोग सोचेंगे मिलीभगत तो नहीं

अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन करेंगे पायलट

जयपुरः राजस्थान में सचिन पायलट ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी की सरकार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पायलट ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। उन्होंने कहा, "मैंने मुख्यमंत्री गहलोत से पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के खिलाफ शिकायत की थी, लेकिन गहलोत ने कोई एक्शन नहीं लिया।" पायलट इसके विरोध में 11 अप्रैल को जयपुर में शहीद स्मारक पर एक दिन का अनशन करेंगे। पायलट ने कहा, "वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं की गई। जबकि विपक्ष में रहते हुए हमने यह वादा किया था कि जांच कराई जाएगी। चुनाव को 6-7 महीने बचे हैं, विरोधी भ्रम फैला सकते हैं कि कहीं कोई मिलीभगत तो नहीं है, यह साबित करने के लिए जल्दी कार्रवाई करनी होगी। ताकि कांग्रेस कार्यकताओं को लगे कि हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।"

45 हजार करोड़ के घोटालों का मुद्दा उठाया थाः पायलट ने जयपुर में अपने घर पर प्रेस कांफ्रेंस बुलाई थी। उन्होंने कहा, "वसुंधरा सरकार के वक्त विपक्ष में रहते हुए हमने 45 हजार करोड़ के घोटालों को लेकर आवाज उठाई थी और यह वादा किया था कि सरकार आएगी इन घोटालों पर निष्पक्ष तरीके से जांच करवाएंगे और दोषियों को सजा देंगे।"

गहलोत से आग्रह किया, चिट्ठी भी लिखी थीः वे बोले, "मैंने कभी द्वेषपूर्ण कार्रवाई के लिए नहीं कहा, लेकिन विपक्ष के रूप में बनी हमारी विश्वसनीयता को बरकरार रखना होगा।

युवाओं को मिलेंगे उच्च शिक्षा के बेहतर अवसरः गहलोत

जयपुरः मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि अच्छी शिक्षा ही बेहतर भविष्य की नींव होती है। राजीव गांधी वेलफेयर सोसायटी द्वारा शुरू ह्यएक पहल इंडियाह्व कार्यक्रम प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए क्रांतिकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि निशुल्क कोचिंग के लिए राज्य सरकार के साथ संस्थाओं की भागीदारी से युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। युवाओं के मार्ग प्रशस्त करने के लिए राज्य सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्णय ले रही है। गहलोत रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस से राजस्थान विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस प्री-एंट्री ट्रेनिंग सेंटर (एपीटीसी) सेंटर में राजीव गांधी वेलफेयर सोसायटी द्वारा निःशुल्क सैटेलाइट कक्षाओं के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का भविष्य युवाओं पर है। इसलिए युवाओं के सर्वांगीण विकास में राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में 30 हजार युवाओं को निःशुल्क कोचिंग, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक।

द्वारका में जन्माष्टमी से शुरू होगा प्रोजेक्ट; भगवान कृष्ण की 108 फीट ऊंची मूर्ति बनेगी

काशी-महाकाल के बाद अब देवभूमि कॉरिडोर

गांधीनगरः काशी विश्वनाथ (वाराणसी), महाकाल लोक (उज्जैन) और मथुरा कॉरिडोर (मथुरा) के बाद अब द्वारका (गुजरात) में देवभूमि कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। केंद्र सरकार इसे पश्चिम भारत का सबसे बड़ा आध्यात्मिक केंद्र बनाने जा रही है। गुजरात के सबसे बड़े धार्मिक प्रोजेक्ट से न सिर्फ द्वारका की सूरत बदलेगी, बल्कि शिवराजपुर समुद्री इलाके को भी डेवलप किया जाएगा।

द्वारका के मंदिर महाकाल की तर्ज पर जुड़ेंगेः

द्वारका-पोरबंदर-सोमनाथ लिंक प्रोजेक्ट भी शुरू होगा। पोरबंदर सुदामा की जन्मस्थली है, जबकि सोमनाथ के पास श्रीकृष्ण ने देह त्यागी थी। द्वारका से 13 किमी दूर शिवराजपुर बीच व 23 किमी दूर ओखा बीच की सूरत बदलने का प्लान है। जन्माष्टमी (6-7 सितंबर) से द्वारका देवभूमि कॉरिडोर का काम शुरू होगा। महाकाल लोक की तर्ज पर द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर से लेकर बेट द्वारका और ज्योतिर्लिंग नागेश्वर तक सभी मंदिरों को जोड़ा जाएगा। इनमें द्वारकाधीश मंदिर, रुक्मिणी-बलराम मंदिर, सांवलियाजी मंदिर, गोवर्धननाथ मंदिर, महाप्रभु बैठक, वासुदेव, हनुमान मंदिर से लेकर नारायण मंदिर तक शामिल हैं।

द्वारका को जोड़ेगा रामसेतु सिग्नेचर ब्रिजः ओखा से बेट द्वारका को जोड़ने वाला सिग्नेचर ब्रिज तैयार हो रहा है। 2320 मीटर लंबे इस फोर लेन ब्रिज को देश का सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज कहा जाता है।

पहली बार कश्मीर में जी-20 बैठक

श्रीनगर में बैठक 22 और 23 मई को, चीन-पाकिस्तान ने इस पर ऐतराज जाहिर किया था

जम्मू-कश्मीरः भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर में जी-20 की बैठक कराने का फैसला किया है। जी-2 प्लान के मुताबिक, श्रीनगर में 22 और 23 मई को टूरिज्म पर वर्किंग ग्रुप की बैठक होगी। पहली बार जम्मू-कश्मीर में जी-20 की बैठक होगी। आर्टिकल 370 हटने के बाद यहां पहली इंटरनेशनल समिट भी होगी। जी-20 की यूथ-20 और सिविल-20 बैठकों के लिए चुने गए देश के 15 संस्थानों में से एक कश्मीर यूनिवर्सिटी भी है। डव में उ-20 की वर्किंग ग्रुप की बैठक पहले ही हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बैठक का मुद्दा जेंडर इक्वैलिटी और डिसऐबिलिटी था। जी-20 जी-20 का ऑफिशियल एंगेजमेंट ग्रुप है, जो सिविल सोसाइटी, और सरकारी प्रतिनिधियों को चुने हुए विषय पर चर्चा के लिए प्लेफॉर्म देता है।

खबर संक्षेप



चार में पढ़ने वाले अनवर अली ने रखा पहला रोजा

झूंसी। कोहना झूंसी के रहने वाले रिजवान अहमद का आठ साल का पुत्र अनवर अली न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल झूंसी में कक्षा चार का छात्र है। रविवार को अनवर अली ने पहला रोजा रखा। रोजा इफ्तार के समय सरवर अली, अनीस अहमद, इस्तियाक अहमद, कामरान खान, इस्तेखार अहमद, इरशाद अहमद, इमरान सहित परिवार के लोगो उसे शाबाशी दी।

अरैल गंगा घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस अभियान में नगर निगम के कर्मचारियों ने भी किया सराहनीय सहयोग

अखंड भारत संदेश

नैनी। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी के सौजन्य से रविवार को कार्यक्रम अधिकारी सुनील मिश्रा के नेतृत्व में अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर उन्होंने स्नानार्थियों एवं आम जनमानस से गंगा यमुना के शीतलता एवं निर्मलता बनाएं रखने हेतु कहा कि मां गंगा सबका भरण पोषण करते हुए सदियों से प्रत्येक प्राणियों को मुक्ति प्रदान कर रही हैं इसलिए हम सबका परम कर्तव्य है कि इन्हें पालीथीन मुक्त निर्मल एवं स्वच्छ बनाए रखने में अपनी भागीदारी निभाएं स्वच्छता अभियान में नगर निगम के कर्मचारियों ने भी अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम में संतोष तिवारी (अध्यक्ष), कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय,धीरज यादव, निखिलेश पाण्डेय, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा,डां एस.बी.यादव, ऋषि दीक्षित, संदीप सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, बबरू वाहन सिंह, गोविंद सिंह, आत्म प्रकाश यादव, मीनू पाण्डेय, दीपक गुप्ता, प्रवीण तिवारी, सौरभ यादव, उज्जवल यादव, सत्यपाल, परीक्षित त्रिपाठी, कुंवर अलख प्रताप सिंह,आशीष यादव, संतोष राय, अर्पित कुमार सिंह, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

विवाहिता की पिटाई कर पैर तोड़ा, मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। दहेज में दो लाख नगदी, बुलेट मोटरसाइकिल, सोने की जंजीर न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर पैर तोड दिया तथा विवाहिता के संदूक में रखा सारा जेवर ,नगदी आदि छीन कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम खलिनार देवरिया निवासनीय निशा कुमार पुत्री स्वर्गीय इन्द्र जीत की शादी मऊआइमा के ग्राम शहबाजपुर निवासी विपिन कुमार के साथ 25 मई 2022 को हुई थी। निशा कुमारी का आरोप है कि शादी के बाद से ससुरालियों का व्यवहार ठीक नहीं था। वह निरंतर दो लाख रुपये नगदी, बुलेट बाइक, दो तोला सोने की जंजीर मांगते रहे। कई बार मयके वालों ने समझाया। इसके बावजूद। आरोप है कि 23 जनवरी 2023 को दहेज की मांग न पूरी होने पर पति लाठियों से उसके पैर में मार कर तोड दिया तथा निशा कुमारी का आरोप है कि उसके सन्दूक में का ताला तोड़कर कर ससुरालियों ने दो सोने की अंगूठी, दो तोले का उसका हार, ग्यारह सौ नगदी लेकर भगा दिया। निशा कुमारी किसी तरह अपने भाईयों के साथ अस्पताल गयी। तमाम पंचायतों के बाद जब मामला नहीं सुलझा तो निशा कुमारी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर शहबाजपुर निवासी पति विपिन कुमार यादव ,सास व ननद, ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते राकेश बहादुर सिंह व अन्य।

अब होगी जैविक खेती ज्वार बाजरा सोया मेथी

सहसों। विकास खण्ड सहसों के सभागार में रविवार को सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत पीएम मोदी द्वारा चलाए गए श्री अन्न योजना जन जागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि आज समय आ गया है कि किसान प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर अग्रसर होते हुए आगे बढ़ें। जिससे समाज का हर प्राणी स्वस्थ रहकर निरोग रहे और किसानों की आमदनी भी बढ़ सके। उन्होंने कहा मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, सांवा, मकरा, कोदौ, चना, मटर, सोया-मेथी जैसे आदि अनाज के लिए यह जागरूकता सप्ताह 9 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा यह जागरूकता अभियान जन जन तक पहुंचाया जाए जिससे किसानों की आमदनी भी अधिक हो सके। और हमारे किसान तथा आमजन मोटा अनाज खा कर स्वस्थ रहें। इस मौके पर मुख्य वक्ता भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गंगापार भूपेन्द्र मिश्र एवं संचालन मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , काशीनाथ दूबे, श्रीकांत तिवारी, लक्ष्मी कांत दूबे, केके चौरसिया, दीपक वर्मा, विजय बहादुर, उदय भान, सुरेन्द्र कुमार, सहित आदि किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मोबाइल छीनने वाले बदमाशों से भिड़ गई शिक्षिका, सड़क पर गिरकर हुई घायल

अखंड भारत संदेश

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के जेल गेट के आगे ई-रिक्शे के कॉलेज जा रही शिक्षिका का बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। बदमाशो मुकाबला करते हुए शिक्षिका रिक्शे से नीचे गिर गई, जिससे उसके हाथों में गंभीर चोट आई है। घायल शिक्षिका को पास के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां इलाज के बाद वह घर आ गई। शिक्षिका ने मामले की ऑनलाइन शिकायत की है। एडीए कॉलोनी में रहने वाली दिव्या श्रीवास्तव (25) पत्नी आदर्श श्रीवास्तव गौहनिया स्थित एक कॉलेज में शिक्षिका है। रोजाना की तरह कॉलेज ले जाने के लिए उनकी बस लेप्रोसी चौराहे पर खड़ी थी। दिव्या एडीए से इरिक्शे से लेप्रोसी की ओर जा रही थी। जैसे ही वह जेल गेट थोड़ा आगे बढ़ी की इरिक्शे के बगल दो बदमाशों ने बाइक सटा दी। शिक्षिका बस चालक को लेप्रोसी पहुंचने के लिए जैसे ही फोन निकला कि बदमाशों ने शिक्षिका का फोन छीनने की कोशिश की, शिक्षिका चलते ई-रिक्शे पर ही बाइक सवार बदमाशो से भिड़ गए। जिससे वह रिक्शे से नीचे गिरकर घायल हो गई। उसके हाथ की नश कट गई। इसीबीच मौका पाकर बदमाश उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। राहगीरों ने शिक्षिका को इलाज के लिए पास स्थित अस्पताल ले गए। जहां इलाज के बाद वह वापस घर चली गई। शिक्षिका के मुताबिक फोन की कीमत लगभग 17 से 18 हजार थी। पति ने पुलिस से ऑनलाइन शिकायत की है।

चलते इरिक्शे पर मोबाइल छीन रहे बदमाशों से छीना-झपटी में आई चोट

राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल, ऑनलाइन की शिकायत

गंगा की पवित्रता व निर्मलता पर गंगा समागम में हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश

नैनी। गंगा महासभा के तत्वावधान मे गंगातट पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक मे विभिन्न आध्यात्मिक, धार्मिक, शैक्षिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े भारी संख्या मे उपस्थित गंगाभक्तों ने गंगा की पवित्रता, निर्मलता व प्रदूषण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयास को असफल बताया आयोजन का शुभारम्भ सामूहिक रुप से माँ गंगा की पूजा, आरती से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महन्त राम रतन दास महराज एवं संचालन गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया गंगा में बढ़ते प्रदूषण को लेकर गंगाभक्त समागम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहाकि शासन के लाखो प्रयास एवं करोड़ो धन व्यय के बावजूद गंगा अभी भी निर्मल व अविरल नही हो पाई है। उन्होने नैनी, झूसी, फाफामऊ व दारागंज मे आधुनिक शवदाह गृह का निर्माण कराने, अवैध खनन बंद कराने, गंगा के कछार की जमीन की रजिस्ट्री रोकने, मूर्ति विशर्जन हेतु कृतिम तालाबों का निर्माण कराने,मास्टर प्लान के

जन जागरुकता हेतु बनी भावी कार्य योजना :

री गंगा पाँल्यूशन में उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों के अनुपालन एवं गंगा पर बने कानून का पालन कराने की उठी जोरदार मांग

अनुसार हरित क्षेत्र बनाने तथा गंगा के व्यवासीकरण पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए लोगों से विचार, सुझाव व समर्थन का अनुरोध किया इसी क्रम मे प्रदेश महांमत्री देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि गंगाजल मे व्याप्त प्रदूषण सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान की मानक छमता से अधिक है जिससे यह प्लान्ट सफल नही है, ऐसे मे आधुनिक व वैज्ञातिक तरीके अपनाकर गंगा के प्रदूषण को रोका जा सकता है। उन्होने महासभा की मांग को स्पष्ट करते हुए कहाकि न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशो एवं कानूनों का पालन होना चाहिए, जिसमे स्पष्ट है कि गन्दे नालो को गंगा मे गिरने से रोका जाय, कोर्ट द्धारा निदेर्शानुसार निश्चित मात्रा मे पानी छोड़ा जाय। पालिथीन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाय। श्री तिवारी ने एस टी पी के असफल प्लान की जगह पिछले कुम्भ मे सफल प्रयोग किये जा चुके जिओ सिन्थेटिक ट्यूब को स्थाई तौर पर लगाने की मांग किया गंगा महासभा के पदाधिकारियों ने सभी सम्मानित गंगाभक्तो का स्वागत करते हुए भावी कार्य योजना मे सक्रिय भागीदारी करके पुण्य लाभ लेते रहने का विश्वास जताया आयोजन मे शिव सेवक सिंह, कमलेश सिंह, योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, चन्द्रदेव मिश्र, राजेन्द्र शुक्ल, राम लोचन सावरिया, सबरेज, वीरेन्द्र कुसुमाकर एन पी मिश्रा, परमजीत सिंह, शौभिक सरकार, डां पी के राय, सुनीता शर्मा, रेनू मिश्रा, मोहिनी श्रीवास्तव,टीएन मिश्रा, आदि गंगाभक्त आदि शामिल रहे।

बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी

फूलपुर। आज के समय में निश्चित रूप से सोशल साइट्स की पहुँच और प्रसार बढ़ा है जिसका उपयोग शिक्षा प्राप्ति में ले सकते है। परन्तु वहाँ से हम सिर्फ शिक्षा ही ले सकते हैं पर बच्चों में संस्कार कहाँ से लायेंगे। जबकि बिना संस्कार शिक्षा अधूरी है। संस्कार के लिये विद्यालयों को अब शिक्षाशाला के साथ ही संस्कार शाला भी बनना होगा।उक्त बातें क्षेत्र के मैलवन स्थित अमरावती विजय पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करती हुई प्रतापपुर विधायक विजमा यादव ने कही।जिला पंचायत सदस्य गजानन सिंह ने कहा कि अनुशासन,संस्कार और कौशल विकास शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होना चाहिये।इस हेतु शिक्षको को पूरे मन से लगना होगा।प्रधान प्रतिनिधि विद्याकांत यादव ने कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से छात्र छात्राएं अपनी प्रतिभाओं का उच्च प्रदर्शन करते है।अध्यक्षता करते हुए सह संस्थापक मिथिलेश यादव ने कहा कि छात्रों का रुझान जिस क्षेत्र में हो चाहे खेल हो,सांस्कृतिक विधा हो,कला हो,संगीत हो या फिर कला आदि हो उन्हे उस ओर परिमार्जित कर आगे बढ़ाना होगा।आभार प्रदर्शन प्रबंधक अखिलेश यादव एडवोकेट व संचालन निदेशक बृजेश यादव ने किया।विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य,नाटक,भाषण,चुटकुले व गायन से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।मौके पर संगीता देवी,अमर बहादुर,योगेन्द्र यादव,राम अभिलाष यादव,राजेन्द्र यादव,अवधेश कुमार,गणेश कुमार,भोला नाथ,राजेश यादव,जगदीश यादव आदि मौजूद रहे।

कश्मीर के साहित्यकार डॉ. बीना बुदकी को दिया गया डॉ. एम गोविंदराजन भाषा सेतु सम्मान

अखंड भारत संदेश

जसरा साहित्य महोत्सव :

जसरा। साहित्य महोत्सव जसरा के अवसर पर कश्मीर की प्रमुख साहित्यकार डा० बीना बुदनी को साहित्य की अथक सेवा के चलते दिया गया डॉक्टर एम गोविंदराजन भाषा सेतु सम्मान। इस अवसर पर डॉक्टर बीना बुदकी ने बताया कि हमने कश्मीर साहित्य ही नहीं अपनी संस्कृति और विरासत को बचाए रखने के लिए जीवन में कड़ा संघर्ष किया है। वह आज भी वहां पर यज्ञोपवीत संस्कार से ले करके हिंदू धर्म से जुड़े संस्कार अपने लोगों को करवाती हैं तथा हिंदू तीज त्योहार पर अपने लोगों को एकत्र भी करती हैं । डा० बुदकी ने बताया कि कश्मीर जैसे जगह पर रह करके हिंदी साहित्य को आगे बढ़ाना प्रतिदिन तलवार की धार पर चलने के बराबर होता था। किंतु हमारे अंदर का जुनून हमें हमेशा संघर्ष की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता था। जसरा साहित्य महोत्सव के अवसर पर जहां कश्मीर मूल की साहित्यकार डॉ० बीना बुदकी को डॉक्टर एम गोविंदराजन भाषा सेतु सम्मान दिया गया । वहीं पर रामनिवास पंथी को जे.आर प्रजापति साहित्य सम्मान तथा डॉक्टर हयात सिंह रावत को ग्रामोदय पत्रकारिता सम्मान, बाल साहित्य उन्नायक सम्मान श्याम नारायण श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ व भोलानाथ साहू स्मृति समाज सेवी सम्मान उत्तर प्रदेश सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष राम धीरज जी को दिया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय साहित्यकारों को भी पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम में रामलोचन सांवरिया , राजेंद्र शुक्ला , बेचन लाल गुप्ता, ने अपना कविता पाठ भी किया । कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विजय चितौरी ने बताया की देश की मुख्य धरोहर साहित्य भंडार हुआ करता है। साहित्य कभी मरता नहीं आने वाली पीढ़ी को भी रास्ता दिखाता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता डी. एल आर्य तथा संचालन रामलखन प्रतापगढ़ी ने किया ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार केसरवानी ,डॉक्टर एम गोविंदराजन , अधिवक्त शिखा मिश्रा,आनंद जायसवाल ,फूलचंद पटेल, ज्ञानेंद्र पंडित , शंकरलाल मजूर , अनूप जायसवाल ,ज्योति भाई , चंद्र प्रकाश कुशवाहा , नरेंद्र जायसवाल , दिनेश पटेल , मानसिंह चितौरी , गोविंद शरण सिंह , राजमणि पटेल , प्रभाकांत त्रिपाठी ,मानसिंह बसहरा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

गैर इरादतन हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार शराब की शीशी से किया था प्रहार

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल शराब की शीशी भी बरामद की गई है। एसओ मनोज कुमार ने बताया कि अभियुक्त ने अंग्रेजी शराब की शीशी से सिर पर प्रहार कर दिया था। युवक कुएं में गिर गया और उसकी मौत हो गई। एसओ ने बताया कि रविवार को थाने की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना शंकरगढ़ में पंजीकृत अपराध संख्या 80/2023, धारा 304, 504 में वांछित चल रहे अभियुक्त राजितराम आदिवासी पुत्र स्व. हिंछमणि आदिवासी (ग्राम कौदी, थाना खीरी) को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त राजितराम आदिवासी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल (यूपी70-ईजे-7497) और आला कत्ल के रूप में खाली शराब की शीशी बरामद की गई है। पूछताछ के बाद अभियुक्त का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई प्रदीप कुमार, कांस्टेबल रामजीत यादव, प्रभुनारायण पांडेय शामिल रहे।

बारा पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक गिरफ्तार, कब्जे से 04 किलो 977 ग्राम अवैध गांजा बरामद

बारा/लालापुर। थाना बारा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त अवनीश कुमार पाण्डेय पुत्र शेषनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम रामगढ़ कोठारी थाना बहरिया प्रयागराज हालपता ईदगाह चमनगंज झूँसी थाना झूँसी प्रयागराज को चिल्ला मोड़ से पचखरा जाने वाली रोड से गिरफ्तार कर कब्जे से 04 किलो 977 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना बारा में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

अशोक गौतम के मुख्य जोन प्रभारी कानपुर बनाये जाने पर पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों ने दी बधाई

करछना। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती ने निकाय चुनाव को लेकर मुख्य जोन स्तर के पदाधिकारियों को मौजूदा जोन से हटाया है।जंहा मौजूदा प्रयागराज व मिजार्पुर के मुख्य जोन प्रभारी रहे डॉ अशोक गौतम को कानपुर जोन का प्रभारी बनाया गया है।जिसे लेकर पार्टी पदाधिकारियों व उनके समर्थकों द्वारा पार्टी मुखिया को धन्यवाद दिया है और डॉ अशोक गौतम को फोन के माध्यम से व व्यक्तिगत तौर पर मिलकर बधाई दी है।बधाई देने वालो में अधिवक्ता संघ करछना के उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह पिन्टू,विद्युत सिंह, उदय सिंह,दीपक कुमार,बृजेश कुमार मौर्या,विपिन गौतम,बजरंगी,सूरज,गुड्डू आदि लोग रहे।

जैविक खेती की नितांत आवश्यकता है : ब्लॉक प्रमुख

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। भाजपा गंगापार किसान मोर्चा की तरफ से प्रतापपुर विकास खंड में सामाजिक न्याय सेवा सप्ताह के अंतर्गत प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जन जागरण अभियान के तहत एक किसान संगोष्ठी रविवार को हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती उत्पादित फलों और सब्जियों की विषाक्त सामग्री को कम करती है जिससे उपभोग के बाद स्वस्थ्य परिणाम प्राप्त होते हैं। खेती की यह विधि मिट्टी को एक साथ बांधती है जो किसी भी प्रकार के रसायनों और कीटनाशकों से पूरी तरह मुक्त है इस प्रकार, मिट्टी कम समय में अपनी उर्वरता को बहाल करने में सक्षम है। मोटे अनाज एवं

जैविक खेती की नितांत आवश्यकता है किसानों को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में जिला मंत्री किसान मोर्चा रुद्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सच्चिदानंद तिवारी, मनोज सिंह आचार्य मंडल प्रभारी जंघई, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री निसार अहमद, किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री भोला नाथ पांडेय, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत द्विवेदी, सेक्टर संयोजक सतीश चंद्र मित्र, पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अच्छेलाल पटेल कृष्ण कुमार तिवारी अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल महामंत्री भाई मोहर्रम अली संतोष सिंह, प्रवेश लाला, अमरजीत, महेश पाल, नीलेश गौड़ संचालन मंडल उपाध्यक्ष श्वेतांक मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में किसानों ने भाग लिया।

औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने जुआ खेल रहे 06 जुआड़ियों को पकड़ा

अखंड भारत संदेश

नैनी। औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने बीते शाम सार्वजनिक स्थान यानी थाना क्षेत्र प्राइमरी स्कूल चन्दुपुर के निकट बगीचे में खाली पड़े जुआ खेलते हूए पुलिस मौके स्थान से कुल छ लोगो को गिरफ्तार किया।जानकारी के मुताबिक शनिवार थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व में उपनिरक्षक अतुल कुमार मिश्र उप निरीक्षक रामविलाश दरोगा सुभाष यादव अन्य पुलिस के साथ सुरक्षा गश्त में लगे हुए थे तभी चंदुपुर के एक बगीचे में जुआ होने की सूचना हुई सूचना पर यकीन कर पुलिस मौके पर पहुँची और घेराबन्दी कर स्थान से नीलू सिंह पुत्र स्व. शिवप्रसाद, 2. शिवशंकर पाण्डेय उर्फ कम्प्युटर पुत्र स्व. रामसंजीवन पाण्डेय, 3. शिवम प्रताप सिंह उर्फ अंशु सिंह पुत्र दीपचन्द्र सिंह, 4. राजेश सिंह पुत्र स्व. गेंदा सिंह, 5. मुकेश सिंह उर्फ रिंकू सिंह पुत्र स्व. राधेश्याम व 6. सूरज मिस्त्री पुत्र स्व. लोढई निवासीगण चन्दुपुर थाना औ.क्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया वही पुलिस को उनके कब्जे से माल फड़ 1660/-, जामा तलाशी 680/- व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद करते हुए सभी को थाने ले आयी।बरामदगी के सम्बन्ध में थाना औद्योगिक क्षेत्र में मु0अ0सं0 76/23 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आगे की नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही को पूरा किया।

खबर संक्षेप

अतुल मिश्र शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित

झूंसी। त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल में हिन्दी केंद्रीय विभाग द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में झूंसी के रहने वाले अतुल मिश्र को उनकी सृजनात्मक, रचनात्मक व शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा भूषण सम्मान से नवाजा गया। काठमांडू नेपाल में आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश के सैकड़ों विद्वानों ने प्रतिभागिता किया था। जिसमे अतुल मिश्र को शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। जानकारी मिलने पर लोगों ने बधाई दी। अतुल को इसके पूर्व भी उनकी विभिन्न उपलब्धियों के लिए कई बार सम्मानित एवम पुरस्कृत किया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी श्री मिश्र को शिक्षक दिवस पर पत्र के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं सम्प्रेषित की है। श्री मिश्र दो बार नेट की राष्ट्रीय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में अतुल मिश्र केंद्रीय अकादमी में हिन्दी विभाग में वरिष्ठ प्रवक्ता हैं।

ड्रिप वायर के सहारे लटका मिला शव

अस्पताल के बाथरूम में बैंक मैनेजर के पत्नी की मिली संदिग्ध दशा में लाश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। धूमनगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती बैंक मैनेजर की पत्नी की रविवार की सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राइवेट वार्ड के बाथरूम का ताला तोड़कर उसका शव निकाला गया। अस्पताल के कर्मचारी और डॉक्टर उसे आईसीयू में ले गए, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल कर्मी और ससुरालवाले इसे ड्रिप वायर से फंदा लगाकर खुदकुशी करने की घटना बता रहे हैं। लेकिन, मृतका की मां, भाई और बहन ने सच्चाई छिपाने और जान लेने का आरोप लगाया है। हालांकि देर रात तक इस मामले में मायके वालों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी। एक दिन पहले पति- पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की भी बात सामने आ रही है। नीतू पुत्री रामवीर सिंह मूल रूप से कानपुर स्थित कल्यनपुर के केशवपुरम की रहने वाली थी। उसकी शादी 16 जुलाई 2011 में कानपुर के ही बर्रा के रहने वाले राहुल यादव पुत्र जगदीश से हुई थी। राहुल सिविल लाइंस में आईडीबीआई बैंक में मैनेजर के पद पर तैनात है। वह चौफटका के पास अंबेडकर विहार के शिवम अपार्टमेंट में फ्लैट नंबर-403 में पत्नी नीतू और पुत्र आदि के साथ रहते थे।

डिलिवरी के लिए अस्पताल में कराया गया था भर्ती : नीतू के दोबारा गर्भवती होने के बाद राहुल देखभाल कर रहा था। कुछ दिन पहले प्रसव पीड़ा होने के बाद उसे धूमनगंज में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच अप्रैल को उसने एक बेटी को जन्म दिया। रविवार दोपहर उसे डिस्चार्ज किया जाना था। बताया जा रहा है कि राहुल सुबह 6:30 बजे तक अस्पताल में ही था। उसके पिता भी अस्पताल परिसर में ही थे। इस बीच दिन के आठ बजे अस्पताल की नर्स जब इंजेक्शन लगाने के लिए पहुंची, तब अंदर से दरवाजा बंद था।कई बार आवाज लगाने और खटखटाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तब अस्पताल वालों ने राहुल को फोन कर इसकी जानकारी दी। इस पर राहुल अस्पताल पहुंच गया। बालकनी की ओर जाकर कर्मचारियों ने खिड़की से भीतर झांका तो नीतू बेड पर दिखाई नहीं दी। जबकि, उसकी बच्ची वहीं लेटी हुई थी। इसके बाद पति की मौजूदगी में ही दरवाजा तोड़कर कर्मचारी भीतर गए तो नीतू का शव बाथरूम में पड़ा मिला। बाथरूम के महज पांच फीट ऊंचे हैंगर के सहारे उसके गले में ड्रिप वायर का फंदा कसा था।

ससुराल वाले बता रहे हैं खुदकुशी : आननफानन में उसे फंदे से उतारकर आईसीयू में ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और मायके वालों को फोन से घटना की जानकारी दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। धूमनगंज इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि दोपहर में मायके वाले भी आ गए, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। ससुराल वाले इसे खुदकुशी बता रहे हैं, लेकिन वह नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर उसने ऐसा कदम क्यों उठाया ।

ड्रिप पाइप से कसा था गला, हैंगर में फंसाकर बनाया गया था फंदा : इस मामले में चौंकाने वाली बात यह रही कि मृतका का गला ड्रिप वायर से कसा था। इसी से फंदा बनाया गया था, जिसे बाथरूम में लगे हैंगर में फंसाया गया था। पुलिस ने घंटों जांच पड़ताल की लेकिन मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। शरीर पर अन्य कोई जाहिरा चोट के निशान भी नहीं मिले।

बेटी होने पर नाराज था दामाद, उल्टा सीधा कहता था : उधर घटना की जानकारी पर दोपहर में कानपुर से मृतका के माता पिता और भाई आ गए। मां मुन्नी देवी ने आरोप लगाया कि बेटी होने से दामाद नाराज था और पत्नी को उल्टा सीधा कहता था। उन्होंने यह भी बताया कि नीतू उनके तीन बच्चों में दूसरे नंबर पर थी। शनिवार रात 8:00 बजे के करीब उससे बात हुई थी और तब उसने उन्हें प्रयागराज बुलाया था। कहा था कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है और बच्ची को फिलहाल देखरेख की जरूरत है, ऐसे वह कानपुर से आकर बच्ची को संभाल दे।

गेहूं के खेत में लगी आग से 8 बीघे की फसल जलकर हुई राख

फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

अखंड भारत संदेश

हंडिया। प्रयागराज के अज्ञात परिस्थितियों में गेहूं के खेत में अचानक से आग लगने से किसानों का 8 बीघा फसल जलकर राख हो गई ' लोगों ने आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दिया। जिसके बाद सूचना पर मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । हंडिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अमोरा गांव में रविवार की दोपहर अज्ञात परिस्थितियों में आग लगने से किसानों का 8 बीघा गेहूं जलकर राख हो गई ' खेत से आग की लपटे उठती देख ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया ' मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बालू ,सम्मरसेवल व अन्य तरीकों से आग बुझाने की पूरी कोशिश किया।लेकिन आग इतना विकराल था कि आग पर काबू पाने में ग्रामीणों के पसीने छूट गए। ग्रामीणों ने तत्काल आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दिया ' सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया। तब तक किसानों के 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुका था। बता दें कि इन दिनों किसानों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है कुछ सप्ताह पूर्व बारिश से नुकसान और अब फसलों में लगने वाली आग से उन्हें चिन्ता में डाल दे रही है।

भाजपा नेता की गाड़ी पर बम मारने का आरोपी गिरफ्तार

झूंसी। भाजपा नेता के पुत्र पर बम से हमला करने में नामजद सिपाही के बेटे शिवम यादव को पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। वही पुलिस तीन दिन बाद रविवार को वादी विधान सिंह को मेडिकल के लिए थाने बुलाया था। चर्चा है कि आरोपी वारदात के वक्त अपनी बहन को लेकर हॉस्पिटल गया था। पुलिस हॉस्पिटल की सीसी टीवी चेक कराएगी। भाजपा की जिला महामंत्री सहसो थानापुर की प्रधान विजय लक्ष्मी चंदेल का बेटा विधान सिंह अपने एक साथी के साथ गुरुवार की रात आवास विकास योजना 3 स्थित अपने मौसी के बेटे से मिलने सफारी गाड़ी से गया था। विधान गाड़ी में बैठा था तभी सामने से आये 2 बाइक पर सवार चार युवकों ने एक के बाद एक दो बम सामने गाड़ी पर मार गायब हो गए। भाजपा नेता की गाड़ी पर बमबारी से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था प्रधान पुत्र विधान सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सिपाही के बेटे शिवम यादव व अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज आरोपी की तलाश में लगी थी। शनिवार को आरोपी शिवम यादव को पुलिस गिरफ्तार कर लिया। वही सीसी टीवी में दिखे बमबाजो का पुलिस पता नही लगा पा रही है। डीसीपी झूंसी चिराग जैन ने बताया कि शिवम यादव से पुछताछ चल रही है। उसने बताया कि वह वारदात के वक्त शहर के एक अस्पताल में अपनी बहन को लेकर गया था अस्पताल की भी सीसीटीवी फुटेज चेक कराया जाएगा।

प्रेमिका की हत्या कर लाश भेज दिया गांव

रीवा से लाश लाकर परिजनों ने कराया पोस्ट मार्टम, हेड इंजरी और हैंगिंग से मौत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। करेली थाना क्षेत्र में बेनीगंज मोहल्ले में 7 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी मिली महिला की हत्या हुई थी। हत्या का आरोप उसके प्रेमी पर लगा है। जो घटना के बाद से फरार चल रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसके सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से मौत हुई बताई गई है। रीवा से आए उसके घर वाले पोस्टमॉर्टम के बाद लाश लेकर चले गए।मध्य प्रदेश के रीवा गढ़ थाना क्षेत्र के तर्रा गांव निवासी जगदीश प्रसाद साकेत हैदराबाद में प्राइवेट काम करता है। उसकी पत्नी अनीता साकेत थी। उसके तीन बेटी और एक बेटा है। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। बेटा पिता के पास रहता है। अनीता की बेटी विभा ने बताया कि पिछले आठ साल से अनीता साकेत प्रयागराज में करेली थाना क्षेत्र के बेनीगंज मोहल्ले में भरत राय के प्लाट पर झोपड़ी डालकर कैलाश प्रसाद निवासी पिपरी, कौशांबी के साथ रहती थी।

पोस्टमार्टम में रिपोर्ट में हैंगिंग के साथ हेड इंजरी

7 अप्रैल की रात में अनीता साकेत की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। 8 अप्रैल को सुबह कैलाश प्रसाद उसकी लाश लेकर उसके गांव तर्रा, गढ़, रीवा गया। दरवाजे के बाहर लाश रखकर चला आया। अनीता के गले में रस्सी कसने का निशान था। सिर में चोट दिख रही थी। इसलिए गांव घर के लोग गढ़ थाने जाकर इसकी शिकायत किए। वहां की पुलिस ने कहा कि घटना जहां की है। लाश लेकर वहां जाओ। जिसके बाद 8 अप्रैल की रात में अनीता के घर वाले अनीता की लाश लेकर प्रयागराज के करेली थाने पहुंचे। करेली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। 9 अप्रैल की शाम को अनीता केशव का 2 डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें हैंगिंग के साथ-साथ हेड इंजरी भी निकली। जो सीधे हत्या की ओर इशारा कर रही है। बेटी विभा ने बताया कि लौटने के बाद मां के साथ रहने वाला कैलाश प्रसाद गायब है। उसका फोन भी बंद आ रहा है।

भाजपा और सपा अब तक तय नहीं कर सकी प्रत्याशियों के नाम, टिकट की कतार में पूर्व विधायक भी

प्रयागराज। राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की घोषणा भले ही कर दी हो, लेकिन भाजपा और सपा में अभी तय नहीं है कि मेयर और विभिन्न वार्ड में पार्षद का टिकट किसे दिया जाएगा। दोनों ही दलों की बात करें तो भाजपा में मेयर के लिए 85 तो सपा में 42 आवेदन आ चुके हैं। दोनों ही दल में मेयर एवं पार्षद का आवेदन करने वालों की संख्या में सोमवार को और बढ़ोत्तरी हो सकती है।वर्तमान में प्रयागराज की मेयर सीट भाजपा के ही पास है। निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी के साथ यहां कई बड़े नाम मेयर टिकट पाने को बेताब हैं। वरिष्ठ नेता राकेश शुक्ला के बीते कुछ दिनों से शहर में लगाए गए सबसे ज्यादा होर्डिंग खासा सुर्खियों में भी हैं। पेशे से चिकित्सक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. एलएस ओझा भी टिकट के दावेदारों की लाइन में हैं। पूर्व विधायक दीपक पटेल के समर्थक भी आश्वस्त हैं कि टिकट उन्हीं को मिलने जा रहा है।इसके अलावा डा. कीर्तिका अग्रवाल, कारोबारी विदुप अग्रहरि, कविता यादव त्रिपाठी, अनामिका चौधरी, डा. सुशील सिन्हा के साथ पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के भाई चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह भी मैदान में उतरने को तैयार हैं। काशी प्रांत उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, पदुम जायसवाल, विक्रम सिंह पटेल आदि ने भी टिकट की दावेदारी ठोकी है।

न्यूज झरोखा

पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के कार्यालय पर हुआ रोजा इफ्तार का आयोजन

प्रयागराज। शेरवानी इंडस्ट्रियल सिंडीकेट लिमिटेड कार्यालय पर भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मननीय सलीम इकबाल शेरवानी की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार मे बड़ी संख्या में हिन्दु - मुसलमान ने रोजा खोला और देश में अमन व आपसी भाई चारे के लिए दुआ किया। शेरवानी विकास मंच के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि विगत कई वर्षो से शेरवानी इंडस्ट्रियल सिंडीकेट लिमिटेड देश की एकता अखंडता व आपसी भाई चारे के लिए रोजा इफ्तार कराती आ रही है । रोजा इफ्तार मे मुख्य रूप से माननीय सलीम शेरवानी, डा. उमर हसन, मुस्तफा शेरवानी, समजवादी नेता बब्बन दुबे, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, योगेश यादव, तारिक सईद अज्जू, विक्की साहू, पुर्व डिप्टी मेयर अतुल कुमार, रमाकांत सिंह पटेल, धर्मराज पटेल, कृष्ण मूर्ति यादव, इरफात अली, संजय तिवारी, अमिताभ पाण्डेय, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, रईस शुक्ला, बिन्नू यादव, जीशान अहमद, विनय पाण्डेय, रईस मेहंदी, डा. संजय कुमार, डा. परवेज, पुर्व विधयाक सत्यवीर मुन्ना, गौहर काजमी,कमल उसरी, श्री नारायण यादव, रवि मिश्रा, प्रायंशु दुबे, ताडू मिश्रा, एडवोकेट रिजवान अहमद, अनमोल सरन, सुनील पाण्डेय, सहित हजारों लोग ने शिरकत किया। मनोज पाण्डेय ने रोजदारो का स्वागत किया।

गोवंश लदा ट्रक छोड़कर भागे पशु तस्कर,18 जीवित एक मृत गोवंश बरामद

मेजा रोड। पुलिस को देखकर पशु तस्कर ट्रक में लदे 18 जीवित व एक मृत गोवंश छोड़कर फरार हो गए। पशुओं सहित ट्रक पुलिस भारतगंज पुलिस चौकी ले गई।शनिवार सुबह मांडा थाने व भारतगंज चौकी की पुलिस को जानकारी मिली कि प्रयागराज मिजार्पुर राजमार्ग पर मिजार्पुर की ओर से गोवंश लदा ट्रक आ रहा है। सूचना पर मांडा थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष सिंह यादव व एसएस आई रामकेवल यादव मांडा थाने व भारतगंज चौकी की पुलिस के साथ राजमार्ग के हेमपुर गांव के सामने गोवंश पीछा करके रोका।ट्रक चालक खलासी तथा पशु तस्कर पुलिस को देखकर ट्रक सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। एसएसआई रामकेवल यादव ने बताया कि ट्रक में कुल 18 जीवित व एक मृत गोवंश लदे थे। गोवंश सहित ट्रक पुलिस अपने साथ चौकी पर ले आई। ट्रक नंबर के आधार पर पुलिस पशु तस्करों ट्रक चालक व खलासी की तलाश कर रही। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज हो गया है।

भारतीय पत्रकार संघ में रविगुप्ता व राहुल को सौंपी कमान

मेजा। भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चन्द्र द्विवेदी के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष मलय समीर शर्मा ने यमुनापार मेजा के चर्चित एवम वरिष्ठ पत्रकार विश्वम्भर नाथ गुप्ता के बेटे पत्रकार रविगुप्ता को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी प्रकार मांडा के तेज तर्रार व निर्भीक पत्रकार राहुल यादव को जिला संग्रहन मंत्री मनोनीत करते हुए संगठन की मजबूती हेतु बखूबी ढंग से जिम्मेदारी निर्वहन करने की अपील किया है। बतादें की नवनिर्वाचित दोंनो पत्रकारो ने सदैव लेखनी से आम जनमानस को न्याय दिलाने का कार्य किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि उपरोक्त पत्रकारों से संगठन की मजबूती निरन्तर बढाने की उम्मीद है। वहीं जिलाध्यक्ष नीरज मिश्रा, तहसील अध्यक्ष आशीष शुक्ला, हरिश्चंद्र त्रिपाठी सहित तमाम लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों का माल्यार्पण कर बधाई दिया है।

मुजफ्फर गैंग का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

प्रयागराज। पुलिस कमिश्नरेट के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र पुलिस ने प्रधान पुत्र से दो करोड़ की रंगदारी प्रकरण में अतीक के खास मो. उबैद को 9 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया।. उबैद के ऊपर 7 अप्रैल को रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया गया था। अहमदपुर, असरौली, पूरामुफ्ती निवासी उबैद गो-तस्कर के साथ-साथ मुजफ्फर गैंग (क्रः-05) का सक्रिय सदस्य और हिस्ट्रीशीटर है। रंगदारी प्रकरण में उसका भाई भी नामजद है।

असलहा लहराते हुए गाली गलौज : प्रयागराज शहर के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर (बमरौली) शेखपुर निवासी मो. अख्तर पुत्र रफीउर की मां ग्राम प्रधान है। प्रधानी के चुनाव को लेकर गांव के कुछ लोगों से मो. अख्तर की रंजिश चल रही है। मो.अख्तर के अनुसार 6 अप्रैल को वह अपने गांव में प्रधानी से संबंधित सड़क, नाली मरम्मत हेतु बातचीत कर रहे थे। तभी माफिया अतीक अहमद के करीबी मोहम्मद जैद व मो. उबैद पुत्र माबूदउद्दीन निवासी अहमदपुर असरौली और अहमद मियां पुत्र अब्दुल्ला वासी निवासी तिवारी तालाब, पुरामुफ्ती और चार से पांच अन्य लोग दो गाड़ियों से आए। वह लोग असलहा लहराते हुए गाड़ी से उतरे और गाली गलौज करने लगे। मो. अख्तर ने विरोध किया तो कालर पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया। गाली-गलौज करते हुए बोले कि तुम्हारी वजह से हमारा बहुत नुकसान हुआ है। हमें तुमसे दो करोड़ की रंगदारी चाहिए। नहीं तो प्रधानी करने लायक नहीं बचोगे। मो. अख्तर के अनुसार जब वह शोर मचाने लगा, तो लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

मो. अख्तर की शिकायत पर 7 अप्रैल को दर्ज हुआ था मुकदमा : मो. अख्तर की शिकायत पर 7 अप्रैल को पूरामुफ्ती थाने में मो. उबैद, मो. जैद और अहमद मियां के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उसी प्रकरण में पुरामुफ्ती पुलिस ने रविवार को तिवारी तालाब के पास से हिस्ट्रीशीटर मो.उबैद पुत्र माबूद उद्दीन निवासी अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती को गिरफ्तार कर लिया। मुजफ्फर गैंग (क्रः-05) का हिस्ट्रीशीटर मो. उबैद पर विभिन्न थानों में 10 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे पंजीकृत है। उसका भाई मो. जैद अतीक गैंग का सदस्य है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई कैलाश चंद्र, का. प्रशांत कुमार, अनिल कुमार शामिल थे।

दक्षिण भारत को मिला एक दिन में दो-दो वंदे भारत एक्सप्रेस का तोहफा

अखंड भारत संदेश

पहली वंदे भारत तमिलनाडु में चेन्नई-कोयम्बटूर के बीच चली, दूसरी वंदे भारत हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति के बीच दौड़ी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को चेन्नई-कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस ट्रेन से तमिलनाडु की राजधानी और औद्योगिक शहर कोयम्बटूर के बीच यात्रा के समय में एक घंटे से अधिक की कमी आने की उम्मीद है। एमजीआर चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उद्घाटन के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, जो आधुनिक विशेषताओं और यात्री सुविधाओं से लैस है। उन्होंने ट्रेन में स्कूली छात्रों से भी बातचीत की। यह पांच घंटे 50 मिनट के यात्रा समय के साथ दोनों शहरों के बीच सबसे तेज ट्रेन है, जिससे यात्रा के समय में एक घंटे से अधिक की बचत होगी। तमिलनाडु के दोनों शहरों को जोड़ने वाली ट्रेन में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ह्यकवच', सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे और स्वचालित ह्यस्लाइडिंग' दरवाजों के साथ यात्री सुरक्षा को बढ़ाया गया है। इसके अनुसार दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय, ब्रेल लिपि में सीट हैंडल नंबर, एलईडी लाइट जैसी आधुनिक सुविधाएं और 360 डिग्री घूमने योग्य सीट अन्य विशेषताएं हैं। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन उपस्थित थे। दक्षिण रेलवे ने कहा कि ट्रेन कोयम्बटूर से सुबह छह बजे रवाना होगी और पूर्वाह्न 11.50 बजे चेन्नई पहुंचेगी। चेन्नई से यह ट्रेन अपराह्न 2.25 बजे रवाना होगी और रात 8.15 बजे कोयम्बटूर पहुंचेगी। यह सेलम, इरोड और तिरुपुर में रुकेगी। यह सेवा बुधवार को छोड़कर सप्ताह के सभी दिन संचालित की जाएगी।

हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाई :

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तेलंगाना के हैदराबाद में सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस का निरीक्षण किया और बच्चों के साथ-साथ रेलगाड़ी के चालक दल के साथ भी परस्?पर बातचीत की। दोनों स्थानों के बीच यात्रा की अवधि में लगभग तीन घंटे की बचत करेगी।आईटी सिटी, हैदराबाद को भगवान वेंकटेश्वर के निवास स्थान तिरुपति से जोड़ने वाली सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस दूसरी वंदे भारत रेलगाड़ी है जिसे तीन महीने की अल्?प अवधि के भीतर तेलंगाना से आरंभ किया गया है। यह रेलगाड़ी दोनों शहरों के बीच यात्रा के समय को लगभग साढ़े तीन घंटे कम कर देगी और विशेष रूप से तीर्थयात्रियों के लिए लाभदायक होगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन, केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी भी उपस्थित रहे। श्री मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करने के बाद सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन की पुनर्विकास की महत्वांकाक्षी परियोजना का शिलान्यास और हैदराबाद के उपनगरीय क्षेत्रों के लिए 13 नयी एमएमटीएस सेवाओं का शुभारंभ किया तथा सिकंदराबाद से महबूबनगर के बीच करीब 85.24 किलोमीटर लंबी लाइन के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का लोकार्पण भी किया। हैदराबाद और तिरुपति के लिए वैसे तो कई ट्रेनें चलती हैं और सिकंदराबाद से तिरुपति के बीच करीब 661 किलोमीटर की दूरी तय करने में सबसे तेज रफ्तार ट्रेन को भी कम से कम 11 से 12 घंटे लगते हैं। पर अब वंदे भारत एक्सप्रेस आठ घंटे 30 मिनट में तय करेगी। इस तरह से दोनों स्थानों के बीच यात्रा की अवधि में ढाई से तीन घंटे की कमी आएगी। श्री मोदी ने कल अपने ट्वीट में सिकंदराबाद तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस गर्व, आराम और कनेक्टिविटी का पर्याय है। इस ट्रेन से पर्यटन, विशेषकर आध्यात्मिक पर्यटन को लाभ होगा। इससे आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री मोदी ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के बारे में एक और ट्वीट में कहा, ह्लबुनियादी ढांचे के उन्नयन की एक महत्वपूर्ण परियोजना जिससे असंख्य लोग लाभान्वित होंगे।ह्व इस स्टेशन के पुनर्विकास पर करीब 720 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। नियमित सेवा में यह गाड़ी मंगलवार को छोड़ कर सप्ताह के छह दिन चलेगी। 20701 डाउन वंदे भारत एक्सप्रेस सिकंदराबाद से सुबह छह बजे रवाना हो कर दोपहर ढाई बजे तिरुपति पहुंचेगी तथा वापसी में 20702 अप गाड़ी सवा तीन बजे तिरुपति से चल कर रात पौने 12 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। मार्ग में यह गाड़ी नालगोंडा, गुंटूर, ओंगोल और नेल्लोर रुकेगी। शनिवार को उद्घाटन यात्रा में यह गाड़ी पूर्वाह्न 11.30 बजे रवाना हो कर रात नौ बजे तिरुपति पहुंचेगी। यह ट्रेन नियमित स्टापेजों के साथ चेर्लापल्ली, मिर्यालगुडा, पिडुगुरल्ला, तेनाली, बापटला, चिरला और गुडूर में भी रुकेगी। इस प्रकार से उद्घाटन यात्रा साढ़े नौ घंटे में पूरी होगी।

वंदे भारत का किराया : वंदे भारत का किराया तय फामूर्ले के अनुसार शताब्दी एक्सप्रेस के किराये का 1.3 गुना एग्जीक्यूटिव श्रेणी में और 1.4 गुना चेयरकार में रखा गया है। इस गाड़ी में सिकंदराबाद से तिरुपति के लिए चेयरकार का किराया 1680 रुपये और एग्जीक्यूटिव श्रेणी का किराया 3080 रुपये है। वापसी में तिरुपति से सिकंदराबाद लिए चेयरकार का किराया 1625 रुपये और एग्जीक्यूटिव श्रेणी का किराया 3030 रुपये है। वंदे भारत एक्सप्रेस में कुल 16 कोच हैं। इनमें 14 एसी चेयर कार और 2 एग्जीक्यूटिव क्लास कोच है। इसमें 1128 सीटें यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी।

अतीक अहमद की दो भांजियां भी वांटेड शूटरों की मदद करने का है आरोप

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, उसके बेटे अली और शूटर साबिर के खिलाफ प्रयागराज के धूमनगंज थाने में एक और ऋकफ दर्ज की गई है। इसके अलावा पुलिस ने रविवार को अतीक की दो भांजियों को भी वांटेड की लिस्ट में शामिल किया है। इन दोनों पर भी शूटरों को संरक्षण देने और उनकी मदद करने का आरोप है। इसके पहले पुलिस ने शनिवार को अतीक की बहन आयशा नूरी को भी आरोपी बनाया था।दरअसल, माफिया अतीक अहमद और उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन अपने काले साम्राज्य को साम, दाम, दंड और भेद से चलाते थे। इसका उदाहरण 5 अप्रैल को अतीक के खंडहर हो चुके घर में बरामद बैग से मिले फर्जी आधार कार्ड से मिलता है। काले रंग के बैग में अतीक अहमद के बेटे अली के दो आधार कार्ड मिले थे। एक में अली की फोटो लगी थी, लेकिन वह आधार कार्ड शूटर साबिर के नाम दर्ज है।

पत्नी शाइस्ता-बेटे अली पर हुई एक और एफआईआर

आयशा नूरी की बेटियों ने भी की थी शूटरों की मदद : पुलिस के मुताबिक, 5-5 लाख के आरोपी असद और गुड्डू मुस्लिम ने डॉ. एकलाख के मेरठ के नौचंदी स्थित घर में पनाह ली थी। इस दौरान डॉ. एकलाख ने शूटरों की आर्थिक समेत हर तरह से मदद की थी। घर में एकलाख और आयशा नूरी की बेटियों ने भी मददगार की भूमिका निभाई थी। आयशा नूरी ने लखनऊ और प्रयागराज से लेकर बरेली तक मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। शूटरों को एकलाख परिवार ने कार भी उपलब्ध करवाई थी। जांच में यह भी पता चला है कि असद और गुड्डू को दिल्ली फ्लैट भी आयशा नूरी ने दिलवाया था। घर के उउळश फुटेज के आधार पर पुलिस ने एकलाख को पकड़ा था। बाद में उसकी बीवी आयशा नूरी और बेटियों की भूमिका भी सामने आई थी। पुलिस अब आयशा और उसकी बेटियों की गिरफ्तारी करने में जुटी है।

फरार शाइस्ता परवीन, अली और शूटर साबिर पर केस : उमेश पाल हत्याकांड में चल रही विवेचना के तहत पुलिस ने जांच के बाद मिले फजीर्वाडे. में यह रिपोर्ट दर्ज की गई है। कस्टडी रिमांड पर लिए गए आरोपी राकेश कुमार ने शाइस्ता परवीन के दिए गए बैग को छुपाया था। जिसकी निशानदेही पर दो आधार कार्ड मिला था। एक आधार कार्ड में मोहम्मद साबिर के बेटे सिद्दीकी के नाम है। जिसमें अतीक के बेटे अली अहमद का फोटो लगी है। मामले की जांच संजय कुमार सिंह कर रहे हैं।

ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में अन्न जनजागरण अभियान का शुभारम्भ

परियावां, प्रतापगढ़। विकास खण्ड कालाकांकर के सभागार कक्ष मे रविवार को प्राकृतिक खेती एव अन्न जन जागरण अभियान का शुभारम्भ किया गया, जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एव कालेज प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मायापति त्रिपाठी व संजय त्रिपाठी रहे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम मे मौजूद किसानों को प्राकृतिक खेती एव अन्न के बारे में विधिवत जानकारी देने के साथ चर्चा की गई। इस मौके पर विजय मिश्रा, अतुल शुक्ला, राजकुमार, चंद्रशेखर, कैलाश सिंह, जगदम्बिका तिवारी, लवकुश, रामशंकर, रमेश कुमार, सुरेशचंद शुक्ला, जगराम यादव, रविकुमार, रामसुमेर पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर भविष्य की क्षमता सौंपे शिक्षाविद्: प्रमोद तिवारी

विधायक व सांसद ने करोड़ों की परियोजनाओं की सौंपी सौगात

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने रविवार को संयुक्त दौरे पर रामपुर खास क्षेत्र को सडक तथा पेयजल से जुडी करोडो की सौगात सौपी। वही विद्यालय के वार्षिकोत्सव में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने शिक्षण कक्ष के लिए भी दो लाख की विधायक निधि से सौगात सौंपी।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की मौजूदगी मे विधायक मोना ने अठेहा क्षेत्र के अठेहा उपाध्यायपुर संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत के लिए समारोहपूर्वक

सड़क परियोजना की आधारशिला रखती विधायक मोना व सांसद प्रमोद तिवारी।

आधारशिला रखी। विधायक के प्रयास से यह सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा एक किलोमीटर से अधिक सड़क चैतीस लाख तीस हजार की लागत से नवीनीकृत होगी। सडक परियोजना मे दो सौ मीटर सीसी मार्ग भी बनेगा तथा जलनिकासी के लिए चार सौ मीटर पक्की नाली का भी निर्माण होगा। वहीं दौरे पर पहुंची विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पूरे लोका पेयजल परियोजना का भी सांसद प्रमोद तिवारी के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भूमिपूजन किया। सडक तथा पेयजल की सौगात पाकर अठेहा क्षेत्र के ग्रामीणो मे खुशी की लहर दौड पडी दिखी। वहीं अठेहा स्थित परमानंद इण्टर कालेज पूरे उपाध्याय में वार्षिकोत्सव समारोह में भी पहुंची विधायक मोना ने मेधावियो के ज्ञानार्जन के संसाधन की सुविधा के तहत शिक्षण कक्ष निर्माण के लिए दो लाख रुपए विधायक निधि से दिये जाने की घोषणा की। विधायक मोना की इस घोषणा पर छात्र छात्राओं के भी चेहरे पर सुनहली मुस्कान खिल उठी। सांसद प्रमोद तिवारी ने शिक्षाविदो से कहा कि मौजूदा परिवेश को देखते हुए वह विद्यार्थियों को रोजगारपरक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किये जाने मे अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाएं। विधायक मोना ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दुनिया आज भारत की बेटियों के ज्ञान तथा अदम्य साहस की कायल बनी हुई प्रधानाचार्य इंद्रदेव सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। ग्राम प्रधान अवनीश ओझा ने स्वागत भाषण में ग्रामीण विकास के लिए प्रमोद तिवारी और आराधना मिश्रा मोना के प्रयासों को स्वागत योग्य कहा। संयोजक करूणेश ओझा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। संचालन मनोज मिश्र ने किया। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, पूर्व प्रमुख इगपाल यादव, रामअभिलाष शर्मा, हरिओम ओझा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नागेन्द्र सिंह, मो. मुस्लिम, रामकृपाल पासी, वीरेन्द्र सिंह, संदीप यादव, प्रभात ओझा, पवन शुक्ला, महेन्द्र सिंह आदि रहे।

शिखा के चयन पर उसका मुंह मीठा कराते परिजन।

शिक्षिका की बेटी शिखा का डिप्टी एस0पी0 के पद पर हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। ऊष्मा जो जनपद के सदर ब्लाक के कादीपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत है कि पुत्री शिखा जो बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की रही हैं कि प्राथमिक शिक्षा जनपद के जिंगल वेल स्कूल से हुई फिर दिल्ली विश्वविद्यालय के टॉप कालेज दौलतराम कालेज से स्नातक व जेएनयू से अर्थ शास्त्र विषय में परास्नातक टॉप किया। सम्प्रति शिखा जिला आबकारी अधिकारी के रूप में प्रशिक्षणरत के दो भाई गौरव शिक्षक सिविल के प्रतियोगी भी है व सौरभ ने भी असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है इस सफलता से पूरा परिवार व स्वजनों मे खुशियों की लहर दौड़ गई। भविष्य में आईएएस हेतु प्रयासरत कु0 शिखा अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार माता-पिता,नाना-नानी स्वजनों सहित अपने गुरुओं को देती है। इस अवसर पर डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, रोशन लाल उमरवैश्य, राकेश कन्नौजिया, लीलावती, वेद प्रकाश, सुशील कुमार दद्दू, राजेश कुमार, महेश मणि, संजय कुमार, अशोक कुमार, आलोक कुशवाहा आदि क्षेत्रवासियों का बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

डूडा अपर निर्देशक ने गोशाला की स्थिति देख जताया संतोश

बराछा स्थित गोषाला में गायों को अपर निर्देषक ने खिलाया गुड़ व चना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राज्य सरकार प्रदेष के हर जिल में उच्चाधिकारियों को भेजकर नगर पालिका एवं नगर निकायों के सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, रोड लाइट व गोषालाओं की स्थिति का जायजा ले रही है। इसी क्रम में आज रविवार को अपर निर्देषक डूडा आनंद कुमार शुक्ला ने बराछा स्थित गोषाला का निरीक्षण किया। फिर वहां से निकलकर शहर की सफाई व्यवस्था एवं जलापूर्ति व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

बराछा स्थित गोषाला में डूडा अपर निर्देषक के साथ परियोजना निदेषक (एसडीएम) जितेन्द्र कुमार पाल व नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील भी थे जिससे डूडा अपर निर्देषक ने गाय बछड़ों की संख्या, उनके खाने की व्यवस्था, गोबर गैस प्लांस से बिजली बनाने की

गाय को गुड़ चना खिलाते अपर निर्देशक डूडा आनंद कुमार।

व्यवस्था की जानकारी ली और व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि यहां की गोषाला में गो पषुओं के देखभाल ठीक ढंग से की जा रही है। डूडा निर्देषक ने गायों को चना और गोभी खिलाया और कहा कि यहां के गो पषुओं का स्वास्थ्य अच्छा है। इससे लगता है कि गोषाला में व्यवस्थित ढंग से कार्य किया जा रहा है। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक गोषाला में रहने के बाद अधिकारियों के साथ वह शहर की सफाई व्यवस्था, रोड लाइट व्यवस्था, जलापूर्ति व्यवस्था देखने के लिये निकल पडे.। निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह, डीसी आषीष मिश्र, आरआई लाल बहादुर सिंह, जेई नगर पालिका, अनिल जायसवाल तथा मिथिलेष सिंह भी मौजूद रहे।

नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल पम्प के सेल्समैन को मारपीट कर लूटा

प्रतापगढ़। जिले के मानधाता थाना क्षेत्र के उसरापुर गांव के एक पेट्रोल पम्प के सेल्समैन को बीती रात नकाबपोष बदमाषों ने मारपीट कर तीन हजार नकद व मोबाइल लूट लिया। बताया जाता है कि सेल्समैन द्वारा प्रतिरोध करने पर उसे बुरी तरह से मारा पीटा गया है। फिर पेट्रोल बिकी का नकदी व उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गये।

नकाबपोष बदमाषों द्वारा की गई लूट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर मानधाता थाने की पुलिस व अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा बदमाषों को शीघ्र ही पकड़ने के निर्देष दिये हैं। मानधाता थाने की पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाषों को पहचानने का प्रयास करने में जुटी है। पुलिस को आषा है कि बदमाष जल्द ही पुलिस की पकड़ में होंगे।

एएसएन इंटरनेषनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का जीता दिल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एएसएन इंटरनेशनल स्कूल विवेक नगर, फुलवारी कटरा रोड का वार्षिकोत्सव शहर के प्लाजा पैलेस किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर शक्ति कुमार पांडे तथा स्कूल के प्रेसिडेंट डॉक्टर ओम प्रकाश पांडे व डायरेक्टर अशोक तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया इसके बाद छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया प्रधानाचार्य आभा पांडे ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना श्रेया जयसवाल बारिया पूर्वी

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

आरोही व सेजल, वेलकम सोंग, प्रेयर, लेजी डांस कल बेलिया डांस ग्रुप डांस होली डांस कॉमेडी, कोविड-19 ओवैस आसमान सुमित माधव अर्पित आशुतोष खुशबू स्मृति आशा नीरज, कव्वाली, इच्छा सोनी, ग्रुप डांस अहाना आजाद, लक्ष्य पांडे, काव्या आराध्या सोनी, माइम एक्ट, पंजाबी, राजस्थानी हरियाणवी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की भी दर्शकों ने प्रशंसा की इसे देखकर सभी की आंखें नम हो गई। संचालन तराना आजाद और अंशिका श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश त्रिपाठी, रितेश्वर उपाध्याय, रामेश्वर उपाध्याय, व स्कंध तिवारी ,कांग्रेस नेता नीरज तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाएं शिवम मिश्रा, शिवांगिनी पांडे, शिल्पी श्रीवास्तव,नीलम मिश्रा, राहुल रावत, प्रेमलता द्विवेदी, सबा अंजुम, हसीम अली, अंजुम, ताहिबा बानो, प्रीति पांडे का द्विवेदी मौजूद रहीं। प्रधानाचार्य आभा पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एनएसयूआई ने मनाया 53वां स्थापना दिवस

प्रतापगढ़। जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन अंबेडकर चैराहे पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उत्सव भूषण ने कहा कि संगठन जिसने हमें पहचान दी। मंजिलों के रास्तों को नयी उड़ान दी। छात्र हितों से लेकर महामारी तक में सबसे आगे होकर लड़ा जो संगठन हर पल गौरव महसूस करता हूँ कि जिंदगी ने मुझे सबसे बड़े छात्र संगठन कार्यकारणी में जगह दी। समस्त एनएसयूआई परिवार को 53वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष वेदांत तिवारी ने कहा कि छात्र राजनीति एक ऐसी राजनीत होती है जहां से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है और यहीं से आगे चलकर लोग बड़े से बड़े नेता जो सड़क से लेकर सदन तक गरीब पिछड़े एवं दबे कुचले लोगों की आवाज बनकर सदन में गूंजते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने उज्जवल भविष्य की कामना करते वे बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इरफान अली, मो0 हुजैफ, देवमणि पांडे, सौरभ पांडे, उमेश चंद्र पांडेय, उत्कर्ष मिश्रा आदि छात्र उपस्थित रहे।

महाविद्यालय कालाकांकर मे रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविर में कालेज के मौजूद स्टाफ

डिग्री कॉलेज कालाकांकर मे पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर मे पांच दिवसीय भारत सरकार गाइड रोवर्स रेंजर्स का प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ व समापन रविवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० शिवम श्रीवास्तव ने किया।

अपने उद्बोधन मे प्राचार्य ने कहा कि भारत स्काइट गाइड अपने स्थापना वर्ष 7 नवम्बर 1950से देश के विभिन्न क्षेत्रो मे अपना योगदान कर रहा है। वर्तमान मे भारत स्काइट गाइट के रोवर्स रेंजर्स को पृथ्वी पर्यावरण सामाजिक बनावट और आज के मुताबिक सबसे महत्व पूर्ण सोशल डिस्टेंसिंग व डिजिटल तरीके से कार्य करने हेतु प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम 5 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के रोवर्स यूनिट प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह,रेंजर्स प्रभारी डा श्रष्टि कुशवाहा, मास्टर ट्रेनर संजीव शर्मा, दीपक बरनवाल, शीला, कु० रमा ने 24 रोवर्स एव 24 रेंजर्स को बड़े मनोयोग से प्रशिक्षित किया जिसमे प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो रामकरन, प्रो रेखा सिंह, प्रो शिवभूषण गुप्ता,प्रो विनीता सिंह, प्रो इन्दुरेखा सिंह, अफसार अहमद, अब्दुल रज्जाक, विजय कुमार सहित कालेज के छात्र छात्राएं मौजूद रही।

प्रत्येक व्यक्ति को मोटे अनाज का करना चाहिये सेवनः ओम प्रकाश

मां बाराही संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आज भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जनजागरण अभियान का कुशल आयोजन अनुभव शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा के संयोजन में रानीगंज मंडल में मां बाराही संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीगंज में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रदेश सह संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा

संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते ओम प्रकाश त्रिपाठी।

प्रतापगढ़, निवर्तमान विधायक राम शिरोमणि शुक्ला, विशिष्ट अतिथि अजय क्रांतिकारी पर्यावरण सेना प्रमुख, श्याम शंकर मिश्र, प्राचार्य अजब नारायण हरीशचंद्र स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय शेखूपुर, कृष्ण कुमार तिवारी, प्राचार्य मां बाराही संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीगंज, व अशोक पाण्डे प्राचार्य नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बद्री गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिला मंत्री सुनील मौर्य, विवेक शर्मा मंडल महामंत्री एवं कार्यक्रम का संचालन कर रहे आशीष पांडेयने किया। आज के कार्यक्रम का विषय को बहुत ही सरहनीय तरीके से मुख्य अतिथि की ने और समस्त मंचासीन अतिथियों आए हुए समस्त किसान भाइयों, मंडल रानीगंज के समस्त कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा।

उक्त कार्यक्रम में मोटे अनाज के सेवन पर जोर देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मोटे अनाज का सेवन प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर परिवार में उपयोगिता के रूप में लेना चाहिए जिससे की पूरा परिवार खुशहाल रहे, स्वस्थ्य रहे, रोगों से दूर रहे। इसी क्रम में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जी अजय क्रांतिकारी ने भी जोर देते हुए कहा कि मोटे अनाज को अपनाने से प्रत्येक व्यक्ति की आयु में कुछ वर्ष का इजाफा होता है। उन्होंने कहा कि दशकों पूर्व जब हमारे पूर्वज अपनी मेहनत से खेती बाड़ी करके बिना रासायनिक उर्वरकों के अच्छे संसाधन में जैविक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से अच्छे अनाज को उपजाते थे तो अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त करते हुए अच्छी उम्र सीमा को प्राप्त करते थे। उपरोक्त कार्यक्रम में रानीगंज के क्षेत्रीय संभ्रांत जन श्री अविनाश मिश्रा सभासद, माताफेर मिश्रा, राजमणि पांडेय, विष्णु देव दुबे, ओम प्रकाश शुक्ला, शिव शिव सहाय शुक्ला, विजय शंकर तिवारी, शनि गुप्ता, व्यास शुक्ला, विनय पांडेय, सुरेन्द्र त्रिपाठी सहित तमाम कार्यकर्ता साथी उपस्थित हुए।

सच्चे मन से प्रभु की आराधना ही हुआ करती है फलीभूत-पं. अनिलेश

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के बीएसएनएल टावर के समीप रविवार की शाम श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडी दिखी। समापन बेला में भगवान राधाकृष्ण के विशेष आरती में श्रद्धालुओं ने लोकमंगल की कामना की। व्यासपीठ से पं. अनिलेश जी महाराज ने कहा कि सच्चे मन से भगवान की कथा का श्रवण कर जीवन मे उसका अनुसरण करना ही निश्छल पुण्य है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए आततायियों का संहार कर मनुष्य को जीवन पर्यन्त सत्कर्म की प्रेरणा दी। कथाव्यास पं. अनिलेश जी ने कहा कि भगवान के प्रति आराधना तभी फलीभूत हुआ करती है जब भगवान के बताये व दिखलाये गये मार्ग पर धमार्नुरागी निष्कंटक जीवन यात्रा कर सकें। उन्होनें कहा कि कलिकाल मे प्रभु की कथा ही मनुष्य को परम मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। कथा के समापन बेला पर राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भी पहुंचे। यहां श्री तिवारी का कथाव्यास जी लोकमंगल साधना सम्मान से शुभाशीष देते दिखे। मुख्य यजमान समाजसेवी बाबू लाल मौर्य व लीलावती ने कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। सह संयोजक चन्द्रभान मौर्य, डॉ सूर्यभान मौर्य, सोनू मौर्य, डा. उत्कर्ष मौर्य, पारसनाथ मौर्य ने श्रद्धालुओं को मंगलटीका लगाया। इस मौके पर नरेन्द्र नारायण तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, नवीन शुक्ल, संतोष मिश्र, मुन्ना शुक्ला, सभासद सोनू शुक्ला, अंजनी अमोघ, लालप्रताप सिंह, राजेश मिश्र, राजीव दुबे, अश्विनी शुक्ल, श्यामसुन्दर तिवारी, चन्द्रप्रकाश मिश्र, अभिषेक पाण्डेय, सुधाकर शुक्ल, नन्द कुमार दुबे, अभय सिंह, राकेश मिश्र, सौरभ शास्त्री आदि रहे।

कानपुर अध्यक्ष के खिलाफ हुई कार्यवाही तो होगा आंदोलनः रुरल बार एसोसिएशन

प्रतापगढ़। अधिवक्ताओं की आपात बैठक कलेक्ट्रेट परिसर प्रतापगढ़ में ऑल इंडिया रुरल बार एसोसिएशन प्रतापगढ़ इकाई की हुई जिसमें कानपुर बार एसोसिएशन द्वारा जारी अधिवक्ता हित में हड़ताल का पूर्ण समर्थन किया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया कि अगर कानपुर अध्यक्ष के खिलाफ कोई अवमानना की कार्रवाई की जाती है तो ऑल इंडिया रुरल बार प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा।

सांसद ने किसानों को बांटे उड़द के बीज, मोदी सरकार का किया बखान

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा रविवार को यहां रामपुर खास के लालगंज में किसानों को उड़द के बीज का वितरण किया गया। नगर के संगम चैराहे के समीप एक सभागार में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में दो सौ किसानों को उड़द का बीज प्रदान करते हुए सांसद ने बीजेपी सरकार की कृषि नीति का भी जमकर बखान किया। सांसद संगम लाल गुप्ता ने लोगों से कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए। उन्होनें कहा कि पीएम मोदी के द्वारा किसान सम्मान निधि किसानों के लिए आज वरदान साबित हुई है। वहीं उन्होनें कहा कि भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के मजबूत भविष्य की व्यवहारिक क्षेत्र में उपयोगी साबित हो रही है।

दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देते जिलाधिकारी तथा कौशांबी महोत्सव से उपस्थित आम जनमानस

केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री ने 1178 दिव्यागंजनों को कुल 2277 सहायक यन्त्र/कृत्रिम उपकरण किये वितरित

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद कौशाम्बी का हो रहा तेजी से विकास : प्रतिमा भौमिक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री प्रतिमा भौमिक एवं सांसद विनोद सोनकर ने आज कौशाम्बी महोत्सव में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एडिप योजनान्तर्गत आयोजित सहायक एवं कृत्रिम उपकरण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ तथा 1178 दिव्यागंजनों को कुल 2277 सहायक यन्त्र/कृत्रिम उपकरण वितरित किया। केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इतना भव्य एवं सुन्दर कौशाम्बी महोत्सव आयोजित कराने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मॉ गंगा एवं यमुना के बीच में स्थित कौशाम्बी की धरती पर आकर मैं धन्य महसूस कर रहीं हूँ। कौशाम्बी दुगार्भाभी की पावन भूमि, मॉ शीतला धाम, तथागत बुद्ध एवं पद्मप्रभु की भूमि का मैं वन्दन एवं नमन करती हूँ। भगवान बुद्ध ने यहॉ पर चतुमार्सा बिताया था। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सांसद श्री विनोद सोनकर कौशाम्बी की गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास को उजागर करने का कार्य कर रहें हैं। प्रदेश सरकार ने दुगार्भाभी का सम्मान करते हुए दुगार्भाभी के नाम से सेतु बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय संसदीय कार्य व संस्कृति राज्यमंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल ने दुगार्भाभी स्थल पर रुपए 05 करोड़ की लागत से म्यूजियम बनवाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जनपद कौशाम्बी का विकास कार्य तेजी से हो रहा है तथा कौशाम्बी वासियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहें है। मा0 प्रधानमंत्री का मूल मंत्र है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास। दिव्यागों को पूर्व में विकलांग कहा जाता था प्रधानमंत्री ने उन्हें सम्मान देते हुए दिव्यांग कहा, दिव्यागों में ईश्वरीय शक्ति विद्यमान होती है तथा वे किसी से कम नहीं होते। मा0 प्रधानमंत्री ने दिव्यागों को शिक्षा एवं नौकरी में 03 प्रतिशत से बढ़ाकर 04 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया है। दिव्यागों की सुविधा के लिए यूनिक आईडेन्टिटी कार्ड जारी किया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा समाज के अन्तिम पायदान तक के व्यक्ति को सरकार की सुविधायें लगातार उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री एवं सांसद द्वारा 1178 लाभार्थियों को 2277 सहायक यन्त्र एवं कृत्रिम उपकरण वितरित किया गया, जिसमें 236 लाभार्थियों को मोटराइज्डट्राई साइकिल, 672 को ट्राईसाइकिल, 62 को फोल्डिंग व्हील चेयर, 706 को बैसाखी, 24 को एल्बो बैसाखी, 330 को वॉकिंग स्टिक (छड़ी), 09 को रोलेटर, 34 को कान की मशीन, 15 को एम0एस0 आईईडी किट, 01 को सी0पी0 चेयर, 56 को स्मार्ट केन, 03 को ब्रेल केन एवं 129 लाभार्थियां को कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स वितरित किया गया।

सांसद विनोद सोनकर ने गंगा के तट एवं मॉ शीतला की धरती पर मा0 केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि सांसद बनने पर उन्होंने संकल्प लिया था कि देश व दुनियॉ में कौशाम्बी के गौरवशाली व वैभवशाली इतिहास को स्थापित कर पहचान दिलाना है, जिसके लिए शहजादपुर दुगार्भाभी स्थल पर शहीदां को सम्मान देने का कार्यक्रम किया गया, चरवा में रामकथा का आयोजन किया गया, कौशाम्बी महोत्सव का आयोजन किया गया एवं सामाजिक समरसता भोज का आयोजन कर समाज को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष-2018 में आयोजित कौशाम्बी महोत्सव में मा0 मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न घोषणायें की थी, सभी घोषणायें पूर्ण हो गई हैं यथा- जनपद को रामायण एवं बौद्ध सर्किट से जोड़ने (रामवनगमन मार्ग एवं एयरपोर्ट प्रयागराज से उत्खनन स्थल तक फोरलैन सड़क का निर्माण कार्य), मंझनपुर बस डिपो, 30 कमरों का यात्री शेड, ट्रामा सेन्टर एवं संग्रहालय आदि।इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जितेन्द्र सोनकर प्रेम चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

पार्टी के संभावित दावेदारों, निर्दलीयों ने लगाए बैनर पोस्टर, ठोंकी ताल

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। नगर निकाय के चुनाव प्रस्तावित है नगर निकायों के आरक्षण घोषित हो गए हैं जिसकी किसी भी वक्त अधिसूचना जारी हो सकती है सम्भावित दावेदारों ने मतदाताओं के घरों दरवाजों की परिक्रमा कर पुरजोर दस्तक दे रहे रिक्सा, ट्रालियों में भोजपुरी गानों पर शेरों शायरी करवा अपने अपने गुणगान कर रहे हैं। लेकिन मौजूदा समय मतदाता भी सबको आश्वासन की घुट्टी पिला रहे हैं जिससे दावेदारों की बेचैनी भी दिखाई पड़ रही है। बात करें नगर पंचायत अझुवा की तो नगर पंचायत अझुवा पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षित है यहां भारतीय जनता पार्टी से आधा दर्जन दावेदारों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है वहीं विपक्ष की समाजवादी पार्टी से 3 दावेदार अपने बाहें सिकोड़ बढ़ा रहे हैं। 2 दावेदार निर्दलीय ताल ठोंक रहे हैं।राजनीतिक पार्टियों से अभी तक किसी की दावेदारी पक्की नही हुई है लेकिन दावेदार पार्टी का प्रमुख दावेदार समझ कर मतदाताओं को तरह तरह के प्रलोभन देकर अपने पक्ष में लाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। सत्तारूढ़ पार्टी भारतीय जनता पार्टी का नगर अध्यक्ष जनता ने सन 2000 में चुना था और अनुसूचित जाति की महिला प्रत्यासी गोमती देवी के सिर ताज सजा था किंतु नगर वासियों के अनुसार मौजूदा समय नगर पंचायत अझुवा फतह करना सत्तारूढ़ पार्टी के लिए आसान नही होगा 2006 में राजनीतिक पार्टियों ने समर्थन देकर चुनाव लड़वाया था जिसमे राष्ट्रीय लोकदल के सामान्य प्रत्यासी राजाराम वैश्य ने बाजी मारी थी सन 2012 के नगर पंचायत चुनाव में राजनीतिक पार्टियों ने प्रत्याशियों को समर्थन देकर चुनाव लड़ाया था जिसमे पिछड़ा वर्ग महिला निर्दलीय प्रत्याशी शांती देवी कुशवाहा ने अझुवा से फतह हासिल की थीं वही 2017 के चुनाव में भी निर्दलीय ने फतह हासिल की थी राजनीतिक पार्टियों ने समर्थन दिया था!!2012 से 2022 तक नगर पंचायत अध्यक्ष की कमान एक ही घराने तक सीमित रही थी। कुछ भी हो दावेदार सक्रिय हो गए हैं सुरा,रुपया का खेल शुरू हो गया है इस बीच नगर पंचायत के अवैध शराब कारोबारी भी सक्रिय हो गए हैं।

अधिसूचना के पहले ही दावेदारों ने प्रचार अभियान किया तेज

निकाय चुनाव का बजा बिगुल दो चरणों में होगा चुनाव आचार संहिता लागू

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज गया है दो चरणों में चुनाव संपन्न होगा और 13 मई को मतगणना होगी अचार संहिता लागू हो गई है। नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज गया है लखनऊ में रविवार शाम को राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है उत्तर प्रदेश में 2 चरणों में 4 मई और 11 मई को नगर निकाय चुनाव संपन्न होगा और 13 मई को चुनाव का परिणाम आएगा इससे पहले उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव आरक्षण की नई लिस्ट जारी हो चुकी है 232 आपत्तियों के निस्तारण के बाद अधिसूचना जारी कर दी गई है जहां प्रयागराज मंडल के चारों जिलों में प्रथम चरण में यानी 4 मई को चुनाव संपन्न होगा।

गोलीकांड में नामजद आरोपियों के घर चस्पा की गई कुर्की की नोटिस

कौशांबी। मोहब्बतपुर पैंसा थाना क्षेत्र के ग्राम रामसहायपुर गांव में होली के दिन हुए खूनी संघर्ष में फरार आरोपियों के गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा कराई है और साथ ही इस बात की चेतावनी दी है कि वह जल्द ही न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा उनकी चल अचल संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी घटना के नामजद आरोपियों में से अब तक 9 लोगों को जेल भेजा जा चुका है जबकि शेष पांच आरोपी अभी पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहे हैं थाना अध्यक्ष मोहब्बतपुर पैंसा रजनीकांत राजपूत ने बताया कि होली के दिन प्रधान प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश मिश्रा और पूर्व प्रधान राज पांडे के बीच होली खेलने को लेकर मारपीट हो गई थी जिसमें एक पक्ष द्वारा चलाई गई गोली से विजय कुमार घायल हो गए थे जबकि अन्य कई लोग जख्मी हुए थे गांव के रूद्र प्रकाश मिश्र की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि शेष पांच आरोपी सुजीत कुमार , शिवम पांडे पुत्र राज कुमार पांडे,अजय कुमार पांडे पुत्र जनार्दन पांडे तथा करुणेश कुमार पांडे अखिलेश कुमार पांडे पुत्र देवमणि पांडेय अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं एसओ ने बताया कि न्यायालय द्वारा 82 की कार्रवाई के आदेश के अनुपालन में शनिवार की सुबह घटना के फरार आरोपियों के घर में कुर्की की नोटिस चस्पा कर दी गई है।

अराजकतत्वों ने व्यापारी की दुकान में लगाई आग

आग से दो दुकानों में लगभग 4 लाख का सामान जलकर हुआ राख

भरवारी कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में मामूली बात से नाराज अराजकतत्वों ने व्यापारी की दो दुकानों में सेंध मारकर कपड़े में तेल भिगोकर आग लगा दी,आग से व्यापारी का लगभग 4 लाख रुपए का समान जलकर राख हो गया,घटना की सूचना भुक्तभोगी ने पुलिस को दी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में अरविंद गुप्ता की कंफेक्शनरी और चुर्री की होलसेन दुकान है,रमजान के चलते चुरी का भी स्टाक रखा हुआ था वही कंफेक्शनरी का भी समान दो दिन पहले अधिक मात्रा में आया हुआ था,देर रात किसी अराजकतत्व ने दोनो दुकान के पीछे सेंध मारकर आग लगा दी,रमजान के चलते दुकान में रखा हुआ था लाखो का सामान जलकर राख हो गया। व्यापारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि एक युवक खेत से गेंहू कतराकर वापस आ रहा था,दुकान से धुआं निकलते देखा तो हमको सूचना दी,हम लोग दुकान पहुंचे तो भीषण आग लगी हुई थी ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई,आग से लगभग 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है वही व्यापारी ने एक युवक पर आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से शिकायत की है। कोखराज पुलिस शिकायती पत्र के आधार पर जांच में जुट गई है।

न्यूज झरोखा

जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में दूसरी ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी के तत्वावधान में दूसरी कौशांबी ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता (बालक एवम बालिका) का आयोजन शेखर गार्डन काजीपुर चायल में 09 अप्रैल को किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई बी यादव रिटायर विंग कमांडर (एयरफोर्स)और शेखर केसरवानी के द्वारा मोहरों को चल कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है पांच चक्रों की समाप्ति पर परिणाम निम्न हैं पहले बोर्ड पर प्रयागराज के स्पर्श यादव ने प्रयागराज के फैडरिक जान को तीसरे रेनूकूट के नन्दन कुमार ने वाराणसी के माज इकबाल को चौथे बोर्ड पर प्रयागराज के रवि चोपड़ा ने शिवान्श केसरवानी को पांचवें बोर्ड पर प्रयागराज के प्रबल पाण्डेय ने वाराणसी के साहब अहमद फारूकी को हराया दूसरे बोर्ड पर प्रयागराज के गौरव निषाद और कानपुर के विकास निषाद के बीच मैच ड्रॉ रहा सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 110 खिलाड़ियों ने दस जिलों से प्रतिभाग वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, रेनूकूट , गोरखपुर, प्रयागराज आदि में किया यह प्रतियोगिता सात चक्र में की जा रही है जो की देर रात तक चलेगी निर्णायक परिणाम कल भेजे जायेंगे उद्घाटन समारोह में सचिव राघवेन्द्र, ज्वाइंट सेक्रेटरी राकेश कुमार, चन्द्र प्रकाश,गौरव गर्ग, प्रयागराज के सेक्रेटरी एनडी सिंह रवि चोपड़ा अश्विनी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

मेंहदी प्रतियोगिता में रजनी केसरवानी को मिला प्रथम स्थान

कौशाम्बी महोत्सव : मेंहदी प्रतियोगिता, निबन्ध एवं क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सिराथू तहसील में आयोजित कौशांबी महोत्सव में रविवार को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं एवं महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मेंहदी प्रतियोगिता में रजनी केसरवानी ने प्रथम स्थान, आयूषी शर्मा ने द्वितीय स्थान एवं दुर्गा कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा अनामिका देवी प्रथम स्थान, धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा दिया गिरि ने द्वितीय स्थान एवं लिटिल ब्लासम्स कॉनवेन्ट स्कूल अझुवा की छात्रा आमना सिद्दीकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कौशाम्बी इंटर कॉलेज के छात्र मनीष कुमार एवं धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा श्वेता राजपूत को सॉत्वना पुरस्कार दिया गया। कौशाम्बी महोत्सव में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मानसिंह इंटर कॉलेज के छात्र अनूप कुमार ने प्रथम स्थान एवं धर्मा देवी इं0कॉ0 के छात्र गौरव कान्त मिश्रा व दुर्गा देवी इं0का0 ओसा की छात्रा अंजली चौरसिया ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा मानसिंह इं0कॉ0 की छात्रा सानियॉ शमशाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

कौशांबी। सिराथू तहसील में आयोजित कौशाम्बी महोत्सव में रविवार को बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक विद्यालयो के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा अवधी लोकगीत गायिका प्रतिमा यादव द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार अन्य कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

पल्सर मोटरसाइकिल उठा ले गए चोर

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के अझुवा पुलिस चौकी से चंद कदम दूर खुले गेट के अंदर खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर उठा ले गए जिसकी तहरीर पीड़ित ने पुलिस चौकी में दी है। जानकारी के अनुसार अमन रॉय बैंक ऑफ बड़ौदा की परास शाखा में कर्मचारी है नगर पंचायत अझुवा चौकी वाली गली में स्थित अजय केसरवानी के घर किराए का कमरा लेकर रहते हैं बीती 8 अप्रैल को ड्यूटी से वापस आकर प्रतिदिन की भांति गेट के अंदर गाड़ी खड़ी कर कमरे चले गए उन्होंने बताया कि अजय केसरवानी का मकान बन रहा है जिससे गेट में लॉक नही लग पाता। आज रविवार 9 अप्रैल को गाड़ी उस जगह नही मिली पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है वहीं चौकी पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। ऐसे ही 12 मार्च को टाण्डा रोड मे बालु डंप के पास खड़े पिकप की बैटरी चोर खोल ले गए,जिसकी पुलिस जांच कर रही है।18 मार्च को ककराली पर का किसान बैंक ऑफ बड़ौदा अझुवा शाखा से 25 हजार रुपया निकालने आया था 2 शातिरों ने कागज की गड्डी पकड़ा कर ठगी कर गए थे,पुलिस जांच कर रही है 27 मार्च को टाण्डा रोड में बालू डंप के पास खड़े ट्रेक्टर से चोर बैट्री खोल ले गए लेकिन पुलिस जांच कर रही है।

डॉ. पवन कुमार को मिली सिविल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि

करारी कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के गुलाम नूर का पूरा के पवन कुमार प्रजापति पुत्र श्री राम सजीवन प्रजापति को देश के प्रतिष्ठित मोतीलाल नेहरू राष्ट्रिय प्रौद्योगिकी संसथान इलाहाबाद प्रयागराज के 19 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि लोक सभा स्पीकर ओम बिरला की उपस्तिथि में 8 अप्रैल 2023 को संसथान के डायरेक्टर प्रोफेसर आर. एस. वर्मा ने सिविल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। डॉ. पवन कुमार ने अपना रिसर्च संसथान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विश्वजीत प्रताप सिंह के देखरेख में भारी तत्वों से प्रदूषित मिटटी पर वेटीवर का पौधा लगाया और मिटटी को प्रदुषण रहित किया और इसके बाद पौधे के पत्ती और जड़ को बायो एनर्जी में कन्वर्ट करने के लिए रिसर्च किया। इस काम को विश्व स्तरीय इंडस्ट्रियल क्रॉप्स एंड प्रोडक्ट नामक जर्नल ने साढ़े छह इम्पैक्ट फैक्टर के साथ प्रकाशित किया। डॉ. पवन कुमार की स्कूल की पढाई रियाज इंटरमीडिएट कॉलेज उखैयाखास से हुई है। इन्होने वर्ष 2013 में बाबू बनारसी दास प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संसथान लखनऊ से बी टेक की डिग्री सिविल इंजीनियरिंग में प्राप्त की थी। डॉ. पवन कुमार, अभी प्रयागराज के प्रतिष्ठित कॉलेज शम्भुनाथ प्राविधिक और प्रौद्योगिक संसथान में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के हेड के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. पवन कुमार, गुलाम नूर का पूरा, करारी, कौशाम्बी के रहने वाले है और इनके पिता श्री राम सजीवन प्रजापति मध्यम वर्गीय परिवार के है और खेती किसानी का काम करते है। ये अपने सभी भाइयो और बहनो में सबसे छोटे है और परिवार में 6वें स्थान पर है। बिना किसी सपोर्ट और मार्गदर्शन के पीयचडीकी डिग्री प्राप्त कर डॉ. पवन कुमार ने अपने समाज, गांव, और जिले का नाम रौशन किया है। डॉ. पवन कुमार आज के समाज के गरीब बच्चो के लिए प्रेरणा दायक व्यक्ति है।

कौशलेंद्र मिश्र बने इतिहास संकलन परिषद के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश को महासचिव की कमान

कौशाम्बी। भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रांत के कौशाम्बी इकाई का गठन किया गया,दारानगर में बैठक को संबोधित करते हुए आईसीएचआर के सदस्य एवं प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी डॉक्टर आनन्द शंकर सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना द्वारा अपने प्राचीन समृद्ध इतिहास के तथ्यों पर आधारित सापेक्ष समीकरण तथा पुनर लेखन के साथ ही अपने संगठनात्मक योजना हेतु इस कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। प्रांत सचिव डॉ प्रशांत ने कहा कि आज देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह अपने अतीत को पढ़कर अपना इतिहास समझकर अपने भारत को आगे अखंड बनाने का संकल्प कर उसे अपने पुरुष पराक्रम से सिद्ध करने हेतु तन मन धन से राष्ट्र की आराधना का जीवन धारण करें। उन्होंने कौशांबी जनपद की कार्यकारिणी की घोषणा की। भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रांत कौशांबी जिले का जिला अध्यक्ष कौशलेंद्र मिश्र को बनाया गया। महासचिव सूर्य प्रकाश अध्यक्ष वरिष्ठ इतिहास प्रकाश नारायण , युवा इतिहासकार आयुष कुमार साहू, जिला संयोजक डॉ अनूप कुमार, महिला इतिहासकार अध्यक्ष शालिनी माहेश्वरी एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ पंकज ओझा और अखिलेंद्र सिंह को नामित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक त्रियुगीनाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश मिश्र , अशफीर्लाल, राजकिशोर, गुलाब शंकर तिवारी, विशेष विशिष्ट, अतुल मिश्र, सूर्यभान विक्रमादित्य आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर पूरा कर दिया जाता है कोरम!

महमूदपुर गांव में हुए विकास कार्यों की एसडीएम से शिकायत कर जांच कर दोषियों को दंडित किए जाने की मांग

मनौरी कौशाम्बी। चायल विकास खंड के महमूदपुर गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उपजिलाधिकारी चायल को प्रार्थना पत्र देकर ग्रामीणों ने प्रधान के कराए गए विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की है। एसडीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश खण्ड बिकास अधिकारी को दिया है। महमूदपुर गांव के शोभनाथ, राजकिशोर आदि ने शनिवार को एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वर्तमान प्रधान ने अपने कार्यकाल में पंचायत सदस्यों की आज तक कोई बैठक नहीं बुलाई है। इसके अतिरिक्त खुली बैठक का कभी आयोजन नहीं किया है। ग्राम पंचायत सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कोरम पूरा कर दिया जाता है। ग्राम निधि के खाते की रकम फर्जी प्रस्ताव करके लाखों रुपये हड़प ली गई है। ग्राम सभा में केवल कागजी विकास हुआ है। मनरेगा योजना की धनराशी का भी जमकर बंदर बांट हुआ है हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों रुपया निकाला गया है। जबकि हैंडपंप मरम्मत सिर्फ कागज पर ही कराया गया है। इसके अलावा इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण में भी गड़बड़ी की है। ग्रामीणों ने एसडीएम से अनियमितताओं की जांच करवाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

दिन दहाड़े लाखों की संदिग्ध चोरी, तहरीर लेकर पुलिस जांच में जुटी

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 5 अजमत पुर में आज रविवार को एक घर से दिनदहाड़े लाखों रुपये नकदी सहित जेवरात संदिग्ध दशा में चोर उठा ले गए। धर्मपाल पुत्र स्व छेदी लाल मौर्य ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया आज रविवार सुबह 5 बजे परिवार सहित घर का ताला बंद कर गेहूं काटने खेत चले गए लगभग 10 बजे वापस घर आये ताला खोलकर अंदर गए अंधेरा होने के कारण लाइट की बटन दबाया लाइट नही जली इन्वर्टर को चेक किया तो वहां से इन्वर्टर गायब था कमरा खोलकर देखा तो बक्से के कुंडा टूटा था थालियां और कुछ सामान बाहर बिखरा पड़ा था,बिछुआ 250 ग्राम ,पायल एक जोड़ी, तोड़िया 3 जोड़ी, सोने की अंगूठी,बेसर 1 नग,सोने के लाकेट 3 ,गायब था धर्मपाल का भाई विजय 29 मार्च को दुबई से कमाकर 2 लाख नकदी लाया था वह भी बक्से में रखा अज्ञात चोर 2 लाख नकदी सहित जेवरात उठा ले गए है वहीं ग्रामीणों के अनुसार पड़ोसी से पीड़ित का जमीनी विवाद चल रहा है मामला संदिग्ध है।पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

नकली अंबेडकरवादी से सावधान रहने की जरूरत : राजू गौतम

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में नगर पालिका भरवारी वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर दरवेशपुर में एक जनसभा की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज मिजार्पुर मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज राजू गौतम उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश गौतम अध्यक्षता मंडल प्रभारी सेहंदी लाल निर्मल ने किया कार्यक्रम के आयोजक भावी प्रत्याशी पार्षद मोहम्मद इस्लाम रहे मुख्य अतिथि ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की महापुरुषों की विचारधारा व सपने को कोई साकार कर सकता है तो वह बहन कुमारी मायावती बहुजन समाज पार्टी के माध्यम से कर सकती है और उन्होंने परदेस में सर्व समाज को बहुजन समाज पार्टी द्वारा दिए गए भागीदारी को भी कार्यकताओं के बीच में बताने का काम किए कार्यकताओं को आगाह करते हुए कहा कि इस समय नकली अंबेडकरवादी ज्यादा लोग दिखाई दे रहे हैं उनसे भी सावधान रहने की जरूरत है मुख्य अतिथि ने चार बार की सरकार की पूरी उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा किए कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र गौतम श्लोक कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष चायल मोहम्मद शरीफ पिंटू दिवाकर वीरेंद्र बौद्ध मोहम्मद कैफ अनिल जी राकेश सोनी मोहम्मद असलम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मंडल प्रभारी रमेश गौतम ने किया।

जन संपादकीय

माफियाओं के खिलाफ योगी के सख्त तेवर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए परम्परागत रूप से उठाये जाने वाले कदमों से अलग तौर तरीके से चल रहे हैं,जिसकी वजह से अपराधी खौफजदा हैं उनके मददगारों और पनाहगारों की संख्या कम होती जा रही है। असल में यूपी में जब कोई व्यक्ति अपराध करता है तो योगी की पुलिस उन अपराधियों को तो तुरंत धर दबोच लेती है जो पेशेवर अपराधी नहीं होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में उनसे अपराध हो जाता है, लेकिन आदतन या पेशेवर अपराधी तत्वों को यूपी पुलिस तुरंत गिरफ्तार करने पर ज्यादा जोर नहीं देती है। यह वह अपराधी होते हैं जो पहले भी हवालात की सजा काट चुके होते हैं और उन्हें जेल जाने से डर भी नहीं लगता है। ऐसे में इन पेशेवर अपराधियों को सबक सिखाने के लिए योगी सरकार इन्हें जेल भेजने से पहले इनके दहशत के साम्राज्य को तोड़ती है। इनकी अवैध संपत्ति की कुर्की के लिए डोजियर तैयार किया जाता है। इसके बाद अपराधी की कमर तोड़ने के लिए बुलडोजर की इंट्री होती है। बुलडोजर पेशेवर अपराधी तत्वों की जुर्म की दुनिया में रहकर कमाई गई अकूत संपत्ति को नेस्तानाबूत करता है। गुंडे-माफियाओं और उनके गुर्गों द्वारा जबरन हथियाई गई जमीन को खाली कराया जाता है। यदि इनके पास किसी तरह के असलहे होते हैं तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाता है। इसके पश्चात उन लोगों पर शिकंजा कसा जाता है जो सीधे तौर पर तो किसी अपराध से नहीं जुड़े होते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे से अपराधियों की मदद करते रहते हैं। विकास दुबे, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के साम्राज्य को इसी प्रकार से तोड़ा गया है। ऐसे में कई अपराधी डर के मारे आत्मसमर्पण कर देते हैं या फिर पुलिस के साथ लुकाछिपी के खेल में एनकाउंटर के शिकार हो जाते हैं। बाहुबली विकास दुबे इसकी ताजा मिसाल है, जो पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इससे पूर्व उसकी करोड़ों की अवैध संपत्ति भी पुलिस ने उसके कब्जे से खाली करा ली थी। इसी प्रकार मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे बाहुबलियों के भी आर्थिक साम्राज्य को तोड़ा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। अब तक के छह साल के कार्यकाल में यूपी पुलिस ने माफियाओं, अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, शराब माफिया बदन सिंह बद्दो, कुख्यात सुनील राठी, सुशील मूंछ, सुंदर भाटी, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह और बाहुबली विजय मिश्रा समेत 64 गैंगस्टरों की 3000 करोड़ रुपए की संपत्तियां पुलिस ने या तो जब्त की हैं या फिर सरकार ने उन पर बुलडोजर चलवा दिया है। इसमें माफिया डॉन अतीक अहमद के अलावा मुख्तार अंसारी की 523 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कार्रवाई हुई है। इसी तरह ढाई लाख के इनामी बदन सिंह बद्दो की भी करोड़ों रुपए की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं जबकि उसके और उसके सहयोगियों के तमाम अवैध अड्डों पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। बाहुबली विजय मिश्रा की भी 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां अब तक जब्त की जा चुकी हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी काफी तत्परता दिखा रही है। योगी राज के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यूपी के टॉप लेवल के 13 माफियाओं को कोर्ट ने सजा सुनाई है, जो पहले कभी नहीं हुआ। बाहुबली अतीक अहमद को हाल में ही उमेश पाल अपहरण कांड में उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतीक गुजरात के साबरमती जेल में सजा काट रहा है। अतीक के खिलाफ सौ से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन उसके खिलाफ कोई गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। वहीं बाहुबली मुख्तार अंसारी जिसके खिलाफ कभी कोई गवाही नहीं देता था, उसको सजा दिलाने के लिए अभियोजन विभाग ने सशक्त पैरवी की। गवाहों को कोर्ट तक पहुंचाया। नतीजतन, मुख्तार अंसारी को उसके वर्षों से लंबित मुकदमों में सजा होनी शुरू हुई। मुख्तार अंसारी के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न थानों में संगीन धाराओं के 61 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह बाहुबली विजय मिश्रा जिसके खिलाफ संगीन धाराओं के 83 केस दर्ज हैं उसे भी कोर्ट ने सजा दी। अभियोजन विभाग की पैरवी से आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सजा मिली जिससे उनकी विधायकी रद्द हुई। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति में पुलिस और अन्य एजेंसियों के सहयोग से यह सब संभव हुआ। योगी सरकार के एक साल की बात की जाए तो योगी राज में बीते एक साल में 21 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, 1256 अपराधी मुठभेड़ में घायल हुए। वहीं एनकाउंटर के दौरान 182 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इसी बीच 25000 के 2749 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए और 50000 के 267 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए, इसके अलावा 50,000 से ज्यादा इनाम वाले 36 अपराधी गिरफ्तार हुए। गैंगस्टर एक्ट के 3903 केस रजिस्टर किए गए जबकि 12513 आरोपी गिरफ्तार करके जेल भेजे गए। 126 अपराधियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई हुई। गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 70 अरब 58 करोड़ 64 लाख 33 हजार 537 रुपए की चल अचल संपत्तियां जब्त की गईं। बीते एक साल में एसटीएफ ने 847 अपराधियों को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने चार अपराधियों को एनकाउंटर में मारा और 85 इनामी अपराधी गिरफ्तार किए। इसी अवधि में साइबर क्राइम करने वाले 16 अपराधी गिरफ्तार किए गए जबकि ड्रग्स की तस्करी करने वाले 210 अपराधी गिरफ्तार किए गए। 458.79 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए। बीते एक साल में 35 असलहा तस्कर दबोचे गये तो 131 असलहे बरामद किए गए। हाईटेक सर्विलेंस से 69 वारदातों को रोका गया। योगी सरकार आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने में भी पीछे नहीं रही। यूपी में आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद, अल कायदा, आईएसआई जैसे आतंकी संगठनों से संबंधित 21 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पीएफआई, रोहिंग्या, बांग्लादेशी, नक्सल से संबंधित 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई। लब्बोलुआब यह है कि योगी राज में अपराधियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया।

क्या हिंदू होना अपराध है?

नीरज कुमार दुबे

दुनियाभर में भले हिंदुओं की तादाद बहुत ज्यादा हो लेकिन जब कोई पद मिलने की बात आती है तो सबसे पहले हिंदू को पीछे किया जाता है, जब कोई सम्मान देने की बात आती है तो सबसे पहले हिंदू को पीछे किया जाता है। ऐसे अनेकों उदाहरण विश्व इतिहास में भरे पड़े हैं जब इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद हिंदुओं को भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। जो विकसित और पश्चिमी देश भारत को तीसरी दुनिया का देश बताते हुए यहां के मानवाधिकारों के बारे में समय समय पर पक्षपाती रिपोर्ट जारी करते हैं वह खुद हिंदुओं के साथ बहुत भेदभाव करते हैं। ब्रिटेन में तो जब ऋषि सुनक प्रधानमंत्री पद की दौड़ में थे तब उनके मूल और धर्म को लेकर उन पर निशाना साधा गया था। अब ऋषि सुनक भले प्रधानमंत्री बन गये हैं लेकिन उनके देश में हिंदुओं के साथ भेदभाव जारी है। यही नहीं, अमेरिका में भी हिंदुओं के साथ भेदभाव की खबरें हाल में सामने आई हैं।

सबसे पहले ब्रिटेन की बात करें तो आपको बता दें कि भारत के हरियाणा राज्य के छात्र करण कटारिया ने दावा किया है कि भारतीय और हिंदू पहचान के चलते उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर चलाये गये एक अभियान के परिणामस्वरूप लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) छात्र संघ चुनावों के लिए उसे अयोग्य करार दे दिया गया। हम आपको बता दें कि हरियाणा निवासी छात्र करण कटारिया लंदन के इस विश्वविद्यालय में कानून में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा है। कटारिया ने कहा कि वह अन्य छात्रों के समर्थन से एलएसई छात्र संघ चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित हुआ। हालांकि, उसे पिछले हफ्ते अयोग्य करार दे दिया गया। उसका मानना है कि उसके खिलाफ लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं और उसे अपना पक्ष पूरी तरह से रखने का मौका नहीं दिया गया। उसने कहा, दुर्भाग्य से कुछ लोग एक भारतीय-हिंदू को एलएसई छात्र संघ का नेतृत्व करते नहीं देखना चाहते थे और मेरे चरित्र तथा पहचान को दागदार करने की कोशिश की...। 22 वर्षीय करण कटारिया ने कहा, जब मैंने एलएसई में अपने स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू की थी, तब मुझे पूरी उम्मीद थी कि मैं छात्र कल्याण के लिए अपने जुनून को पूरा करूंगा। लेकिन मेरे सपने उस वक्त बिखर गये, जब भारतीय और हिंदू पहचान के चलते मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझ कर तैयार किया गया एक अभियान शुरू किया गया। हम आपको बता दें कि करण कटारिया एक मध्यवर्गीय कृषक पृष्ठभूमि से है और खुद को अपने परिवार में विश्वविद्यालय स्नातक की पहली पीढ़ी बताता है। एलएसई लॉ स्कूल से स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए पिछले साल लंदन आने के शीघ्र बाद उसे अपने समकक्ष छात्रों का अकादमिक प्रतिनिधि चुना गया। साथ ही, उसे ब्रिटेन के नेशनल यूनियन फॉर स्टूडेंट्स के लिए प्रतिनिधि भी चुना गया। करण ने कहा, सभी राष्ट्रीयता वाले छात्रों से अपार समर्थन मिलने के बावजूद, मुझे एलएसई छात्र संघ के महासचिव चुनाव के लिए अयोग्य करार दे दिया गया। मुझ पर होमोफोबिक (समलैंगिक लोगों को नापसंद करने वाला), इस्लामोफोबिक (इस्लाम के प्रति बैर रखने वाला) और हिंदू राष्ट्रवादी होने के आरोप लगाये गये। भारतीय छात्र ने कहा, ...नफरत भरे अभियान शुरू करने वालों की पहचान करने या दंडित करने के बजाय एलएसई छात्र संघ ने मेरा पक्ष सुने बगैर या मुझे मिले वोट का खुलासा किये बगैर मुझे अयोग्य करार दे दिया। करण कटारिया ने कहा, यहां तक कि मतदान के आखिरी दिन, भारतीय छात्रों को डराया-धमकाया गया और उनकी राष्ट्रीयता एवं हिंदू धार्मिक पहचान को लेकर उन्हें निशाना बनाया। छात्रों ने यह मुद्दा उठाया, लेकिन एलएसई छात्र संघ ने धौंस देने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इस बीच, एलएसई छात्र संघ ने एक बयान जारी कर कहा कि यह निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से संचालित होता है तथा किसी भी तरह के उत्पीड़न को कतई बर्दाश्त नहीं करने का उसका कड़ा रुख है। बयान में कहा गया है, दुर्भाग्य से इस साल चुनाव नियमों का एक उम्मीदवार ने उल्लंघन किया, जिसके परिणामस्वरूप एलएसई छात्र संघ को इस साल महासचिव पद के लिए नेतृत्व की दौड़ से उसे अयोग्य करार देने का कठिन फैसला लेना पड़ा। वहीं अमेरिका में हिंदुओं के खिलाफ भेदभाव की बात करें तो आपको बता दें कि कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने के वास्ते एक विधेयक पेश करने वाली डेमोक्रेटिक पार्टी की सीनेटर के खिलाफ भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्ण रैली निकाली। भारतीय अमेरिकी समुदाय का कहना है कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यह दक्षिण एशियाई और अन्य अश्वेत लोगों के नागरिक अधिकारों का उल्लंघन होगा और उन्हें समान सुरक्षा तथा उचित प्रक्रिया से वंचित करेगा। हम आपको बता दें कि स्टेट सीनेटर आइशा वहाब ने 22 मार्च को यह विधेयक पेश किया था। विधेयक पारित होने पर अमेरिका का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य कैलिफोर्निया जाति-आधारित पूर्वाग्रह को खत्म करने वाला देश का पहला राज्य बन सकता है। सीनेटर आइशा वहाब राज्य के सदन के लिए चुनी गई पहली मुस्लिम एवं अफगानिस्तानी अमेरिकी हैं। इस विधेयक के खिलाफ कोलेशन ऑफ हिंदूस ऑफ नॉर्थ अमेरिका (सीओएचएनए) ने एक शांतिपूर्ण रैली का आयोजन किया। इसमें शामिल हुए लोगों ने कहा कि सीनेटर वहाब द्वारा पेश किया गया कानून हर जाति, धर्म और वंश के लोगों के लिए समानता और न्याय के मौलिक सिद्धांतों के खिलाफ है। फ्रेमोंट शहर के निवासी एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्यरत हर्ष सिंह ने कहा कि यह विधेयक हिंदुओं और एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ पूर्वाग्रह उत्पन्न करता है, जो नफरत को बढ़ाएगा और उनके बच्चों को निशाने पर लाएगा। इस कानून के खिलाफ पोस्टर और बैनर प्रदर्शित करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने कैलिफोर्निया में सदन के सदस्यों से अपील की कि वे हिंदुओं को अलग-थलग न करें या यह न मान लें कि वे केवल अपने जन्म के कारण दमनकारी कृत्यों के दोषी हैं। इन लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से सीनेटर वहाब के कार्यालय के सामने रैली निकाली और कहा कि कानून एसबी-403 कैलिफोर्निया में जाति को एक संरक्षित श्रेणी के रूप में जोड़ने का प्रस्ताव करता है। उन्होंने कहा कि यह अप्रमाणित और पक्षपाती आंकड़ों पर आधारित है जो दक्षिण एशियाई लोगों के साथ-साथ जापानी, अफ्रीकी तथा दक्षिण अमेरिकी समुदायों के अश्वेत लोगों को लक्षित करता है। कोलेशन ऑफ हिंदूस ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अनुसार, अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यह दक्षिण एशियाई और अन्य अश्वेत लोगों के नागरिक अधिकारों का उल्लंघन होगा और उन्हें समान सुरक्षा तथा उचित प्रक्रिया से वंचित करेगा। गौरतलब है कि ऐसा ही एक कानून सिएटल में भी लागू किया गया है और वह जाति आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाला अमेरिका का पहला शहर है। वहीं, अमेरिका में हिंदुओं के समर्थन में भी एक खबर आई है लेकिन यह खबर तब आई जब हिंदुओं ने एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाई। अमेरिका की जॉर्जिया असेम्बली ने हिंदूफोबिया (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है।

यह इस तरह का कानूनी उपाय करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया है। हिंदूफोबिया और हिंदू विरोधी कट्टरता की निंदा करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। प्रस्ताव में कहा गया कि यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान एवं शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं एवं आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है।

> यह इस तरह का कानूनी उपाय करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया है। हिंदूफोबिया और हिंदू विरोधी कट्टरता की निंदा करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। प्रस्ताव में कहा गया कि यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान एवं शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं एवं आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है।

अमृतकाल का समय जागृत होकर संकल्प पूरे करने का

प्रो. संजय द्विवेदी

एक राष्ट्र के लिए, विशेष रूप से भारत जैसे प्राचीन देश के लंबे इतिहास में, 75 वर्ष का समय बहुत छोटा प्रतीत होता है। लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर यह कालखंड एक जीवन-यात्रा जैसा है। हमारे वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवनकाल में अद्भुत परिवर्तन देखे हैं। वे गवाह हैं कि कैसे आजादी के बाद सभी पीढ़ियों ने कड़ी मेहनत की, विशाल चुनौतियों का सामना किया और स्वयं अपने भाग्य-विधाता बने। इस दौर में हमने जो कुछ सीखा है, वह सब उपयोगी साबित होगा, क्योंकि हम राष्ट्र की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव की ओर आगे बढ़ रहे हैं। हम सब 2047 में स्वाधीनता के शताब्दी उत्सव तक की 25 वर्ष की अवधि यानि भारत के अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं। हमारे स्वाधीनता संग्राम ने एक राष्ट्र के तौर पर भारत की नई यात्रा की रूपरेखा तैयार की थी। हमारा स्वाधीनता संग्राम उन संघर्षों और बलिदानों की अविरल धारा था, जिसने आजाद भारत के लिए कितने ही आदर्शों और संभावनाओं को सींचा था। पूज्य बापू ने हमें स्वराज, स्वदेशी, स्वच्छता और सत्याग्रह द्वारा भारत के सांस्कृतिक आदर्शों की स्थापना का मार्ग दिखाया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, बाबा साहेब आंबेडकर, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, चंद्रशेखर आजाद जैसे अनगिनत स्वाधीनता सेनानियों ने हमें राष्ट्र के स्वाभिमान को सर्वोपरि रखने की शिक्षा दी। रानी लक्ष्मीबाई, रानी वेलु नचियार, रानी गाइदिन्ल्यू और रानी चेन्नम्मा जैसी अनेकों वीरांगनाओं ने राष्ट्ररक्षा और राष्ट्रनिर्माण में नारीशक्ति की भूमिका को नई ऊंचाई दी। संथाल क्रांति, पाइका क्रांति से लेकर कोल क्रांति और भील क्रांति ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी योगदान को और सशक्त किया। सामाजिक उत्थान एवं देश-प्रेम के लिए धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान से हमें प्रेरणा मिली। हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। कन्नड़ा भाषा के माध्यम से भारतीय साहित्य को समृद्ध करने वाले महान कवि कुवेम्पु ने कहा हैः

नानु अलिवे, नीनु अलिवे
नम्मा एलु-बुगल मेले
मूडु-वुदु मूडु-वुदु
नवभारत-द लीले।
अर्थात
मैं नहीं रहूंगा
न रहोगे तुम
परन्तु हमारी अस्थियों पर
उदित होगी, उदित होगी
नए भारत की महागाथा।

कुवेम्पु का यह स्पष्ट आह्वान है कि मातृभूमि तथा देशवासियों के उत्थान के लिए सर्वस्व बलिदान करना हमारा आदर्श होना चाहिए। इन आदर्शों को अपनाने के लिए हमें अपने देश के युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं। ये युवा ही 2047 के भारत का निर्माण करेंगे।

एक भारत-श्रेष्ठ भारत हो लक्ष्यः एक संसदीय लोकतंत्र के रूप में 75 वर्षों में भारत ने प्रगति के संकल्प को सहभागिता एवं सर्व-सम्मति से आगे बढ़ाया है। विविधताओं से भरे अपने देश में हम अनेक भाषा, धर्म, संप्रदाय, खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाजों को अपनाते हुए एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सक्रिय हैं। आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर आया ये अमृतकाल भारत के लिए नए संकल्पों का कालखंड है। भारत आज हर क्षेत्र में विकास का नया अध्याय जोड़ रहा है। कोरोना महामारी के वैश्विक संकट का सामना करने में भारत ने जिस तरह का सामर्थ्य दिखाया है, उसने पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ाई है। हम हिंदुस्तानियों ने अपने प्रयासों से न सिर्फ इस वैश्विक चुनौती का सामना किया, बल्कि दुनिया के सामने नए मापदंड भी स्थापित किए, जिसमें भारत का कोरोना वैक्सीन की 200 करोड़ डोज लगाने का कीर्तिमान भी शामिल है। इस पूरी लड़ाई में भारत के लोगों ने जिस संयम, साहस और सहयोग का परिचय दिया, वो एक समाज के रूप में हमारी बढ़ती हुई शक्ति और संवेदनशीलता का प्रतीक है। भारत ने इन मुश्किल हालात में न केवल खुद को संभाला, बल्कि दुनिया की मदद भी की। कोरोना महामारी से बने माहौल में, आज दुनिया भारत को नए विश्वास से देख रही है। आज देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थव्यवस्था तथा इनके साथ जुड़े अन्य क्षेत्रों में जो अच्छे बदलाव दिखाई दे रहे हैं, उनके मूल में सुशासन पर विशेष बल दिए जाने की प्रमुख भूमिका है। जब राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से कार्य किया जाता है, तो उसका प्रभाव प्रत्येक निर्णय एवं कार्यक्षेत्र में दिखाई देता है। यह बदलाव विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा में भी दिखाई दे रहा है। दुनिया की आर्थिक स्थिरता के लिए, सप्लाई चेन की सुगमता के लिए, और वैश्विक शांति के लिए दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। इसी का परिणाम है कि भारत अपनी अध्यक्षता में ऋ 20 ग्रुप की मेजबानी भी कर रहा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी कहा करते थे कि देश के युवा जब आगे बढ़ते हैं, तो वे सिर्फ अपना ही भाग्य नहीं बनाते, बल्कि देश का भी भाग्य बनाते हैं। आज हम इसे सच होते देख रहे हैं। वोकल फॉर लोकल से लेकर डिजिटल इंडिया तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा आज का भारत विश्व के साथ कदम से कदम मिला कर औद्योगिक क्रांति 4.ड के लिए पूरी तरह तैयार है। रिकॉर्ड संख्या में बन रहे स्टार्ट-अप्स में, नए-नए इनोवेशन में, दूर-सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल टेक्नोलॉजी की स्वीकार्यता में भारत के युवाओं की बड़ी भूमिका है। बीते वर्षों में भारत ने जिस तरह महिला सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिए हैं, नीतियां बनाई हैं, उससे भी देश में एक नई शक्ति का संचार हुआ है। हम सभी की इच्छा है कि हमारी सभी बहनें और बेटियां अधिक से अधिक सशक्त हों तथा वे देश के हर क्षेत्र में अपना योगदान बढ़ाती रहें। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्त्री-पुरुष के आधार पर असमानता कम हो रही है। महिलाएं अनेक रूढ़ियों और बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रही हैं। सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में उनकी बढ़ती भागीदारी निर्णायक साबित होगी। आज हमारी पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या चौदह लाख से कहीं अधिक है। आज देश के युवा न केवल अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, बल्कि भविष्य के भारत की नींव भी रख रहे हैं।

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शनः विकास और प्रगतिशीलता का अर्थ निरंतर आगे बढ़ना होता है, लेकिन साथ ही अपने अतीत का ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है। आज जब पूरा विश्व र४२३ल्लुं ी ढ'ल्ली३ की बात कर रहा है, तो उसमें भारत की प्राचीन परंपराओं, हमारे अतीत की र४२३ल्लुं ी छ्री२३८ ी की भूमिका और बढ़ जाती है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। यही संवेदनशीलता आज वैश्विक अनिवार्यता बन गई है। हमें इस बात की प्रसन्नता है कि भारत पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है। हमारा भारत अनेक विविधताओं से भरा देश है। परंतु इस विविधता के साथ ही हम सभी में कुछ न कुछ ऐसा है जो एक समान है। यही समानता हम सभी देशवासियों को एक सूत्र में पिरोती है तथा एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत अपने पहाड़ों, नदियों, झीलों और वनों तथा उन क्षेत्रों में रहने वाले जीव-जंतुओं के कारण भी अत्यंत आकर्षक है। आज जब हमारे पर्यावरण के सम्मुख नई-नई चुनौतियां आ रही हैं, तब हमें भारत की सुंदरता से जुड़ी हर चीज का दृढ़तापूर्वक संरक्षण करना चाहिए। जल, मिट्टी और जैविक विविधता का संरक्षण हमारी भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है। प्रकृति की देखभाल मां की तरह करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। हम भारतवासी अपनी पारंपरिक जीवन-शैली से पूरी दुनिया को सही राह दिखा सकते हैं। योग एवं आयुर्वेद विश्व-समुदाय को भारत का अमूल्य उपहार है जिसकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में निरंतर बढ़ रही है। अमृतकाल का ये समय सोते हुए सपने देखने का नहीं, बल्कि जागृत होकर अपने संकल्प पूरे करने का है। आने वाले 25 साल, परिश्रम की पराकाष्ठा, त्याग, तप-तपस्या के 25 वर्ष हैं। सैंकड़ों वर्षों की गुलामी में हमारे समाज ने जो गंवाया है, ये 25 वर्ष का कालखंड, उसे दोबारा प्राप्त करने का है। इसलिए आजादी के इस अमृत महोत्सव में हमारा ध्यान भविष्य पर ही केंद्रित होना चाहिए। हमारे समाज में एक अद्भुत सामर्थ्य है। ये एक ऐसा समाज है, जिसमें चिर पुरातन और नित्य नूतन व्यवस्था है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को और तेज करेगा

अशोक मधुप

हाल ही में मानहानि के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई। सजा न्यायालय ने की किंतु सभी दल एक सुर में दोष केंद्र सरकार और भाजपा को दे रहे हैं। कांग्रेस तो इस मामले को लेकर आंदोलन भी शुरू कर चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दुरुपयोग से जुड़ी कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों की याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया है। इसके बाद अब यह तय हो गया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच में और ज्यादा तेजी आएगी। ये दोनों संगठन और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां अपनी कार्रवाई और तेज करेंगी। सुप्रीम कोर्ट के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दुरुपयोग से जुड़ी कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों की याचिका पर सुनवाई से इंकार के बाद विपक्षी दलों ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिका में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने उपयोग का आरोप लगाया गया था। याचिका में गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत जैसे मामलों को नियंत्रित करने वाले दिशा-निदेशों का नया सेट जारी करने की मांग की गई थी। विपक्षी दलों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है। जिनमें से 95 प्रतिशत नेता विपक्षी दलों से हैं। सीबीआई की 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजनीतिक विरोध की वैधता पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिए? क्या नेताओं को इससे अलग रखा जा सकता है? सर्वोच्च कोर्ट का कहना है कि अंततः एक राजनीतिक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। इस पर सिंघवी ने कहा कि पक्षकार नहीं चाहते कि याचिका से भारत में कोई लंबित मामला प्रभावित हो और वे मौजूदा जांच में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं कह रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि किसी मामले के तथ्यों से संबंध के बिना सामान्य दिशानिर्देश देना खतरनाक होगा। याचिका पर विचार करने में शीर्ष अदालत की अनिच्छा को भांपते हुए राजनीतिक दलों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने आदेश दिया कि अधिवक्ता इस स्तर पर याचिका वापस लेने की अनुमति चाहते हैं। याचिका तदनुसार वापस ली गई, मानते हुए खारिज की जाती है। ये याचिका कांग्रेस, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), शिवसेना (यूबीटी), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और जम्मू-कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस की ओर से दायर की गई थी। इस याचिका को दायर करने वाले दलों ने यह नहीं सोचा कि पुलिस समेत सभी सरकारी जांच एजेंसी जांच करती हैं। केस कोर्ट में सबूतों के आधार पर तय होता है। यदि सबूत नहीं होंगे तो केस खुद ही खारिज हो जाएगा। एक दो मामले में न्यायालय इस तरह की टिप्पणी कर भी चुका है। दूसरे राजनैतिक दबाव में भी कोई एजेंसी किसी गलत व्यक्ति को आरोपी नहीं बनाएगी। क्योंकि न्यायालय में आरोप साबित नहीं करने पर बदनामी उसी की होगी।

आओ बयानों, तकरारों में मधुर वाणी का उपयोग करें

किशन भावनानी

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत पूरी दुनिया में बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जाना जाता है, क्योंकि यह आवाज 135 करोड़ जनसांख्यिकीयतंत्र की आवाज होती है इसलिए पूरी दुनिया के प्रमुख व्यक्तित्व गंभीरता से भारत के बयानों पर ध्यान देकर उसका उचित विवेकपूर्ण मंथन कर सकारात्मक समझ निकालते हैंहालांकि अपवाद स्वरूप कुछ देश ऐसे भी हैं जो भारत की बातों को विवादों में भी ले जाने की कोशिश करते हैं। हम भारत माता के वंशज हैं। संस्कृति, सभ्यता हमारे लहू में समाई हुई है। हम दैनिक जीवन में भी अपनी राय बेबाकी से रखने में विश्वास रखते हैं क्योंकि हम लोकतंत्र की छत्रछाया में रहने के आदी हैं, परंतु हम में से कई लोग ऐसे भी हैं जो अपनी राय बनाने में गंभीर नहीं हैं बिना सोचे समझे बयान बाजी, राय देना सलाह देना, किसी भी बात का नकारात्मक मतलबनिकालना बिना बात के झगड़ा बढ़ाना सहनशीलता संवेदनशीलता और सहिष्णुता की कमी के कारण जीवन में छोटी-छोटी बातों का परिणाम विभित्सक रूप धारण कर लेता है जिससे हमारी जान के लाले भी पड़ जाते हैं इसलिए हमें चाहिए कि किसी भी विषय वस्तु, बात,स्थिति पर अपनी राय बनाते,शब्दों का चयन करते ' समय विवेकपूर्ण हाजर मंथन कर उस बात को रखना अपेक्षाकृत सटीक होगा, उस राय की सटीकता का विचार भी कुछ पलों में कर नपी तुली समझ का परिचय देना जरूरी है। अभी हमने 6 अप्रैल 2023 को समाप्त हुए बजट सत्र में एक युवा नेता के विदेशों में बयानबाजी पर माफी को लेकर पक्ष ने तो विपक्ष में भी जेपीसी के मुद्दे पर कीमती सत्र हंगामे की भेंट चढ़ाया था जो बयानबाजी के विपरीत असर का बहुत बड़ा उदाहरण है। चूंकि हम वैश्विक स्तरपर भारत की राय और भारत माता के सपूतों की राय प्रकट करने की बात कर रहे हैं, इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ सोच समझकर अपनी राय बनाए, वाणी बोले। साथियों बात अगर हम अनेक मुद्दों पर मनीषियों की राय की करें तो दरअसल, हर मुद्दे को लेकर सबकी राय अलग अलग होती है, ऐसे में कई लोग सही तरह से राय व्यक्त न कर पाने के कारण भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं, तो कुछ लोग दिलचस्प तरीके से अपनी बात रखकर भीड़ से अलग पहचान बनाने में कामयाब हो जाते हैं,आमतौर पर हर चीज को लेकर सभी लोगों कि अपनी अपनी राय होती हैं, ऐसे में ज्यादातर लोग नुक्कड़ पर राजनीतिक चर्चा से लेकर सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और घरेलू मामलों में अपनी राय देने से पीछे नहीं हटते हैं।

पुलिस ने साइबर अपराधों के चार पीड़ितों की धनराशि कराई वापस

फोन पर लेन-देन की जानकारी न करें शेयर: एसपी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने शुभम पटेल पुत्र शिब्बू पुत्र चुनका उर्फ रामशरन निवासी कस्बा रैपुरा के कब्जे से दो किलो गांजा व एक तमंचा 315 बोर तथा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर विभिन्न थानों में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

रविवार को इसी क्रम में साइबर अपराध रोकने को जारी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला व एएसपी चक्रपाणि

त्रिपाठी की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी/निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने साइबर अपराध के चार पीड़ितों के एक लाख 18 हजार 699 रुपए उनके खातों में वापस कराये हैं। संदीप तिवारी निवासी बस स्टैण्ड कोतवाली कर्वी के अज्ञात व्यक्तियों ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 58999 रुपये निकाल लिये थे। ध्यानशील बसरेना निवासी एसडीएम कालोनी कोतवाली कर्वी के अज्ञात व्यक्तियों ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 20000 रुपये निकाल लिये थे। शिवरामपुर की सीमा देवी के खाते से अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी कर 13300 रुपये निकाल लिये थे। राजापुर कस्ब के योगेश शुक्ला के खाते से अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी कर 26400 रुपये निकाल लिये थे। साइबर सेल ने पीडितों के शत-प्रतिशत रुपये वापस कराये हैं। पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, हरिशचन्द्र अहिरवार, प्रशांत यादव के कार्य की सराहना की है। उन्होंने जनता से अपील किया है कि गूगल पर किसी भी कम्पनी या बैंक का कस्टमर केयर का नम्बर ढूढने में बेहद सावधानी बरते। प्राप्त नम्बरों पर पूरी तरह भरोसा न करे। अपनी व्यक्तिगत व बैंकिग सम्बन्धी जानकारी किसी से भी साझा न करे। एनीडेस्क, टीम व्यूअर आदि रिमोट एक्सेस साफ्टवेयर का प्रयोग सावधानी से करे। इससे साइबर अपराधियों को धोखाधड़ी का मौका नहीं मिलेगा। फोन पर कभी भी किसी प्रकार के लुभावने ऑफर लेने को अपने बैंक, खाता, एटीएम नं, ओटीपी सम्बन्धी जानकारी शेयर न करे। किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन पर पैसे भेजने की बात करने पर सोच समझ कर ही लेन-देन करें।

सीतापुर पुलिस ने बीस मिनट में खोया बैग लौटाया

सरधुवा पुलिस ने जिला बदर को दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर चैकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने खोए हुए बैग को खोजकर बैग मालिक के सुपुर्द किया। रविवार को बांदा के अमरचंद्र गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता जीएसटी कर्मचारी किसी काम से कर्वी आए थे। बेड़ीपुलिया पर चाय पीने को रुकने पर उनका बैग जिसमें एक लैपटॉप और जरूरी कागजात तथा एक हजार रुपये थे, खो गया था। चैकी सीतापुर पुलिस ने तत्काल प्रभाव से सक्रिय होकर बैग की खोजबीन कर 20 मिनट के अंदर बैग को मन्दाकिनी नदी पुल के पास से लावारिश दशा में बरामद कर अमरचंद्र के सुपुर्द किया। बैग व उसमे रखा सामान पाकर बैग धारक का चेहरा खिल गया। उसने पुलिस टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस टीम में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह, सिपाही कुलदीप द्विवेदी, सिपाही दीपक श्रीवास्तव शामिल रहे। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की टीम के दरोगा शिवमणि मिश्रा ने जिला बदर/टॉप-10 अपराधी समीर उर्फ मुसुआ तिवारी पुत्र नत्थू प्रसाद तिवारी निवासी गडौली थाना सरधुवा को दबोचा है। ये जिला बदर होने के बाद भी गांव में टहल रहा पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने पर उसे दबोचकर थाना सरधुवा में मामला दर्ज किया। आरोपी का खासा आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा शिवमनी मिश्र, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी शामिल रहे।

तीन माह में खेलों के विकास पर 200 करोड़ खर्च करेगी सरकार

लखनऊ। यूपी में खेलों के विकास और खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए सरकार आगामी तीन माह में 200 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इस राशि से सरकार उत्तर प्रदेश खेल विकास कोष के साथ-साथ प्रदेश में खेल अवस्थापना सुविधाओं का विकास एवं नवनिर्माण करेगी। यही नहीं, इन तीन महीनों में प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण की भी योजना है।उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने अपने सभी विभागों को तीन माह की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खेल विभाग ने नई मांग के माध्यम से संचालित योजनाओं में आवंटित बजट के आगामी तीन माह में व्यय किए जाने की कार्ययोजना प्रस्तुत की है।

मानिकपुर में दुकानों के सामने से हटवाया अतिक्रमण, दोबारा कब्जे पर होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर कस्बे में शाम पांच बजे से उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में नगर से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। क्षेत्राधिकारी व नायब तहसीलदार के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा रहा।

शनिवार को देर शाम मानिकपुर उपजिलाधिकारी का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे सतीशचंद्र ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा व क्षेत्राधिकारी राजकमल, नायब तहसीलदार घासीराम की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के तिगलिया बाजार, गुरौला रोड, सुभाष नगर, शास्त्री नगर, बस स्टैंड में पैदल भ्रमण करके रोड व नालियों के ऊपर अतिक्रमण किए दुकानदारों के अवैध अतिक्रमण हटवाये। अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों के सामान भी जब्त कर लिए गए। शासन के आदेश पर ये अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है।

मानिकपुर एसडीएम सडक किनारे अवैध ढंग से अतिक्रमण किए लोगों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। न हटाने पर उन्होंने अभियान चलाया। नाली के ऊपर रखी दुकानों को हटवा दिया। चेताया कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की जाएगी। मानिकपुर एसडीएम का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे सतीशचंद ने बताया कि नगर पंचायत के अधिकारी व क्षेत्राधिकारी, थाना पुलिस के साथ मिलकर कस्बे के अंदर अवैध ढंग से रोड व नाली के किनारे दुकानदारों के अवैध कब्जे हटाये गये हैं। सख्त निर्देश दिए हैं कि कोई भी दोबारा अतिक्रमण न करें। अन्यथा की दशा में कार्यवाही की जायेगी। ये अभियान जारी रहेगा।

कर्ज के रूप में लिए रुपया न देने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मिजार्मुराद। क्षेत्र के खालिसपुर गांव निवासी शेष नाथ शर्मा ने शुक्रवार की रात मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर अपने पटीदार विजय विश्वकर्मा पे आरोप लगाया कि बीते जनवरी 2021 में मकान बनवाने व व्यवसाय हेतु पांच लाख रुपया मांगे में विजय विश्वकर्मा को दो लाख पचास हजार रुपया नगद व अन्य रुपया विजय द्वारा दिए गए खाता में डाला दिया था

वहीं फरवरी 2021 में विजय ने मेरे बड़े भाई उमा शंकर शर्मा जो पंजाब में रहकर नौकरी करते है उनसे भी दो लाख पचास हजार रुपया कर्ज के रूप में अपने कुछ परिचितों के खाते में डलवाया।जब हमारे द्वारा विजय विश्वकर्मा से बार-बार पैसा मांगा गया तो कहता था जल्द दे देंगे लेकिन जब मेरा व मेरा भाई का पैसा नही लौटाया काफी समय बीत जाने के बाद कुछ दिन पूर्व में अपना पैसा मांगने विजय के घर गया तो वहां मौजूद विजय विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा व मनोज विश्वकर्मा द्वारा मुझे भद्दी भद्दी गालियां दिया गया और बोले जाओ जो करना है करलो पैसा नही दूंगा और जान से मारने की धमकी देने लगे।भुक्तभोगी शेष नाथ शर्मा के तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 406, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

समाजसेवी अंगद सिंह द्वारा गोद लिए गये 15 टीबी मरीजों को वितरित किया गया पोषण किट

सुल्तानपुर। लंभुआ में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लंभुआ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी रोग से अपने आप को बचाने के लिए डॉक्टरों द्वारा सुझाव दिए गए तथा मरीजों को टीवी पोषण किट वितरित किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आरके कनौजिया ने टीबी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और टीबी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है और हम सबका टीवी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य साकार होने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लंभुआ क्षेत्र में लगभग 42 मरीज टीबी के हैं। जिनमें से वरिष्ठ समाजसेवी अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह द्वारा 15 मरीजों को गोद लिया गया है। और आज उनके सहयोग से टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया। समाजसेवी श्री सिंह की पुत्रियों का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है इस कारण वह कार्यक्रम में नहीं आ पाए। उनकी गैरमौजूदगी में बड़े भाई महेंद्र कुमार सिंह ने मरीजों को पोषण किट वितरित किया। मौके सीएचसी प्रभारी डॉ राघवेंद्र सिंह,केके त्रिपाठी, शिवानी सिंह, फार्मासिस्ट विनोद श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

विश्व हिंदू महासंघ 12 को मनाएगा स्थापना दिवस

सुल्तानपुर। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निदेर्शानुसार 12 अप्रैल को विश्व हिंदू महासंघ के स्थापना दिवस पर लक्ष्मण मेला मैदान लखनऊ से निकलने वाली शोभायात्रा जात पात के बंधन को समाप्त कर वृहद हिंदू समाज के निर्माण में सहायक साबित होगी। उक्त बातें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु बुलाई गई बैठक में विश्व हिंदू महासंघ के जनपद अध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से कही,शोभायात्रा गोमती तट स्थित लक्ष्मण मैदान से प्रारंभ होकर दस नब्बे चौराहे पर समाप्त होगी।

प्राकृतिक खेती से मोदी कर रहे किसानों की आय दोगुनी: सांसद

खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन नई दिल्ली से सम्बद्ध चित्रकूट खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के व्यापारी सम्मेलन का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल ने किया। सांसद ने कहा कि मोदी-योगी सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देकर बुंदेलखंड के किसानों की आय दोगुनी करने को संकल्पित है। खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारी सरकार की मंशानुरूप प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में किसानों का सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिया कि योगी सरकार में किसी भी खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी का शोषण और उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा।

रविवार को मुख्यालय स्थित टाउन हाल में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के सम्मेलन में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती को सर्वाधिक प्रोत्साहन दे रही है। कम लागत में बेहतर उत्पादन वाली विष मुक्त खेती को प्राकृतिक खेती एक अच्छा माध्यम है। प्राकृतिक खेती के साथ जैविक खेती को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। आने वाले समय में किसानों को अपने जैविक उत्पाद बेचने को संघर्ष

नहीं करना पड़ेगा। योगी सरकार प्रदेश के सभी 18 मंडलों में लैब स्थापित कर रही है। जहां किसानों के जैविक उत्पादों को प्रमाणित किया जाएगा, गुणवत्ता पूर्ण बीज मिलेंगे।

जैविक और प्राकृतिक खेती से न सिर्फ किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी, बल्कि लोगों को भी रसायन मुक्त भोजन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस पद्धति को अपनाकर किसान कम लागत में अच्छा उत्पादन ले सकेंगे। राज्य सरकार ने बुंदेलखंड के पूरे क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम बनाया है। किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में सहायता मिलेगी, बल्कि तमाम प्रकार के रोगों से मुक्ति भी मिलेगी और गौ माता की सुरक्षा भी होगी। कार्यक्रम में मौजूद रहे खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी, प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी, मप्र अध्यक्ष मान सिंह राजपूत ने व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि चित्रकूट समेत प्रदेश के सभी जिलों में खाद रैक प्वाइंट की आवश्यकता पर जोर दिया। कीटनाशक का सैंपल फेल होने पर व्यापारी की बजाय कंपनियों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रावधान किये जाने की मांग की। जिस पर सांसद ने सम्बंधित समस्याओं का शासन स्तर से निराकरण कराने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के अंत में संघ की ओर से मुख्य अतिथि रहे सांसद आरके सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि रहे नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमराज गुप्ता, उपाध्यक्ष नीरज गर्ग, कोषाध्यक्ष मूलचंद्र कुशवाहा एवं मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम के अलावा सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय, आशीष रघुवंशी, शनि आदि सैकड़ों खाद व्यापारी मौजूद रहे।

लोगों के सहयोग के बिना स्वच्छता अभियान अधूरा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कामदगिरि स्वच्छता समिति के 64वें अभियान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा में प्रत्येक रविवार को जन सहयोग से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की प्रेरणा से अभियान चलाया जाता है।

रविवार को अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान स्वतः में अनूठा है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने बताया कि अंतःकरण की शक्ति का मार्ग बाहरी जगत की शुद्धि और स्वच्छता से होकर ही गुजरता है। जिस दिन सभी इस जिम्मेदारी को समझेंगे उस दिन स्वच्छता के लक्ष्य

की पूर्ण प्राप्ति कर लेंगे। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि सार्वजनिक स्वच्छता से मोहल्ले और नगर की स्वच्छता आती है। नगर पालिका सार्वजनिक स्वच्छता भी व्यक्तिगत सहयोग के बिना पूरी नहीं हो सकती। सभी की जिम्मेदारी है कि घर के दरवाजे से नगर पालिका की गाड़ियां गुजरती हैं रोड पर कचरा न फेंककर गाड़ियों पर डालें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी ने भारत को एक निर्मल और स्वच्छ देश बनाने का सपना देखा था। सभी मिलकर इस सपने को पूरा करें। नगर में देखा जाता है कि छतों से लोग कूड़ा फेंक देते हैं और अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि कचरे को गीला-सूखा अलग कर-के नगर पालिका की गाड़ी पर ही डालें।

आज के अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, निर्मलद्र पांडेया, कृष्णा शुक्ला, शुभम केसरवानी, दशरथ केसरवानी, विकास द्विवेदी, विवेक केसरवानी, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा व नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

मृत गौवंशों को घसीटने से मचा हडकम्प

जांच समिति गठित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सोशल मीडिया पर मृत गोवंशों से संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। इसमें एक ट्रैक्टर चालक पीछे बांधकर दो मृत गोवंशों को घसीटता दिख रहा है। शुरूआत में इस वीडियो को पुराना बताकर मामले को हल्का करने की कोशिश भी की गई पर बाद में मामले को तूल पकड़ता देख प्रशासन ने जांच बैठा दी है। उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने बताया कि नायब तहसीलदार और सीवीओ को मौके पर भेजा गया है। रविवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक

ग्रामीण ट्रैक्टर के पीछे मृत गोवंशों को घसीटता नजर आ रहा है। कुछ जागरूक लोगों ने इसे व्हाट्सएप में तो कुछ ने फेसबुक में शेयर किया तो हड़कंप मच गया। प्रशासन भी सक्रिय हुआ। पता चला कि यह वीडियो पहाड़ी ब्लाक के ओरा गांव पंचायत का है। शुरूआत में इस वीडियो को पुराना कहकर मामले को हल्का करने की कोशिश भी की गई पर जब कई गांववाले बाकायदा बयान देकर यहां तक कहने लगे कि ओरा की अस्थायी गौशाला में कोई व्यवस्था नहीं है और अक्सर यहां भूसा-चारा की कमी से गोवंशों की मौत होती है तो फिर जांच की बात की गई।

एसडीएम राजापुर प्रमोद झा ने बताया कि मामले का संज्ञान लिया गया है। नायब तहसीलदार और चीफ वेटनरी आफीसर की जांच समिति गठित की गई है। दोनों मौके पर जाएंगे और तफ्तीश करके रिपोर्ट प्रशासन को देंगे।

न्यूज झरोखा

ठेकेदार हो रहे मालामाल, विद्युत संविदा कर्मियों को नहीं मिलते जरूरी उपकरण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। विद्युत विभाग के संविदा कर्मी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी कर रहे हैं। ठेकेदार उन्हें जरूरी उपकरण भी नहीं दे रहे हैं। कर्मचारियों के हक में डाका डालकर ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं। कर्मचारी कभी चोटहिल तो कभी उन्हें जान गवानी पड़ती है। फिर भी कोई पसीज नहीं रहा। कर्मचारी लगातार पीड़ा का दंश झेल रहे हैं। बुंदेली सेना ने डीएम से संविदा कर्मचारियों की मदद करने की गुहार लगाई है।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि ठंडी, गर्मी और बारिश के दिनों में बिजली विभाग के संविदा कर्मी जान जोखिम में डालकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। जिले में लगभग तीन सौ कुशल और अकुशल कर्मचारी ठेकेदार के अन्दर कार्य करते हैं। इन कर्मचारियों को सीढी, सेफ्टीबेल्ट, ग्लब्स, प्लायर, अर्थचैन, फ्यूज वायर और टार्च जैसी जरूरी चीजे भी अपने से व्यवस्था करनी पड़ती है। जबकि यह सारी जरूरी चीजें बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को ठेकेदार को देनी चाहिए। वर्दी और आईकार्ड जैसी चीजे तो संविदा कर्मचारियों को नितान्त जरूरी है। कोई भी कर्मचारियों की समस्यायों को लेकर सुध लेने वाला नहीं है। चाहे बिजली आधीरात में बिगड़े, चाहे पानी बरस रहा हो कर्मचारी मुस्तैद रहते हैं।

बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया है। मांग किया है कि विद्युत कर्मियों को ठेकेदार से जरूरी उपकरण अवश्य उपलब्ध कराए जाएं। नगर पालिका और नगर निकाय में कार्यरत संविदा कर्मियों को भी वर्दी, आईकार्ड और जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाने चाहिए। वर्दी और आईकार्ड जैसी चीजे होने से आसानी से भीड में भी विद्युत विभाग और नगर निकाय के कर्मचारी आसानी से लोगों की पहचान में आ जाएंगे। उन्हें अपनी पहचान नहीं बतानी पड़ेगी। संविदा कर्मचारियों को भी उचित सम्मान मिलना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नवसंवत्सर के अवसर पर बाल पथ संचलन का किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नवसंवत्सर के अवसर पर बाल पथ संचलन का आयोजन किया । पथ संचलन के पूर्व प्रांत कार्यवाह आदरणीय अनिल जी का पाथेय सभी स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला संघ चालक श्याम सुन्दर मिश्र जी , विभाग प्रचारक मनोज जी, नगर संघचालक आदर्श जी, जिला प्रचारक पुनीत जी की गरिमामय उपस्थिति रही। बौद्धिक के पश्चात चित्रकूट इण्टर कालेज प्रांगण से स्वयंसेवक प्राचल आज्ञा के साथ कदमताल करते हुए सरदार पटेल चौराहा, ट्रैफिक चौराहे से होते हुए रामलीला भवन प्रांगण में पथ संचलन सम्पन्न हुए। स्वयंसेवकों को पाथेय देते हुए अनिल जी ने कहा कि समाज के सभी घटकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए संघ अविराम कार्य कर रहा है। संघ समरस समाज के पुनर्गठन के माध्यम सशक्त संगठित राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए शाखा योजना से काम कर रहा है। संघ प्रकृति संरक्षण, परिवार संरक्षण, और संस्कृति संरक्षण के लिए निरन्तर प्रयासरत है। संघ ने जो कहा उसे अपने आचरण में परिलक्षित किया है । उसी का परिणाम है कि संघ समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में निरन्तर विस्तार कर रहा है।पथ संचलन में जिला कार्यवाह अतुल सिंह, आलोक पाण्डेय, नगर प्रचारक रजनीश , अखिलेश रैकवार, अभय करवरिया, आशीष सिंह, डॉ उमेश शुक्ल, चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, आनंद शुक्ल, आर के पटेल, के साथ समस्त स्वयंसेवक सहभागी हुए ।

कानपुर में फिर सक्रिय बच्चा चोर गिरोह, नवजात ले भागी महिला, तलाश शुरू

कानपुर` लगभग तीन-चार साल पहले की तरह बच्चा चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। उसकी एक महिला सदस्य यहां की सीएससी से नवजात को लेकर रफूचक्कर हो गई है।

इसकी पुष्टि तब हुई जब वह सीसीटीवी कैमरे में भी बच्चे को ले जाती हुई दिखाई पड़ी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है

स्थानीय सीएचसी में हुई इस घटना की रिपोर्ट कल्याणपुर थाने में दर्ज कराई गई है।

साथ ही।बच्ची की बरामदगी के लिए टीम को लगाया है।

लेकिन समाचार लिखे जाने तक बच्चा चोर महिला का कोई सुराग नहीं मिला है पुलिस उसकी तलाश लगातार कर रही है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक भौंती के सीतेपुर गांव निवासी महेश कुमार की पत्नी सुषमा देवी को कल्याणपुर, सीएचसी में डिलीवरी हुई थी। उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया।

पति महेश ने पुलिस को बताया कि अस्पताल में सुषमा की देखरेख के लिए उनकी मां कृष्णा मौजूद थीं। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे जब कृष्णा पानी लेने गई तभी वार्ड में घूम रही एक महिला सुषमा से नजदीकी बढ़ा खिलाने के बहाने बच्ची को लेकर भाग गई। शक होने पर परिजनों ने इसकी जानकारी सीएचसी के अधीक्षक को दी। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक कराये ,जिसमें महिला बच्ची को लेकर बाहर जाते नजर आई।

एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर बच्ची की तलाश में थाने की टीम को रवाना किया गया है।

अमेरिकी मॉल में ताबड़तोड़ फायरिंग, तीन लहूलुहान

डोवेर (डेलावेयर) । संयुक्त राज्य अमेरिका के डेलावेयर राज्य में पेंसिल्वेनिया के पास क्रिस्टियाना मॉल में एक बंदूकधारी व्यक्ति ताबड़तोड़ फायरिंग कर नौ दो ग्यारह हो गया। इस दौरान गोली लगने से तीन लोग लहूलुहान होकर गिर गए। तीनों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी के पैर में गोली लगी है।

फायरिंग के कुछ देर पहुंची पुलिस ने मॉल के भीतर मौजूद सभी दुकानें खाली करा लीं पर बंदूकधारी नहीं मिला। डेलावेयर राज्य पुलिस ने कहा कि फायरिंग की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। न ही कोई संदिग्ध हिरासत में लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। इस वजह से मॉल बंद रहेगा।

सऊदी प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ईरान, दूतावासों को फिर से खोलने पर होगी चर्चा

रियाद। ईरान और सऊदी अरब के बीच फिर से एक नई शुरुआत हो सकती है। सऊदी विदेश मंत्रालय के अनुसार सऊदी अरब का एक राजनयिक प्रतिनिधिमंडल तेहरान पहुंचा है यहां सऊदी अधिकारी तेहरान में रियाद के दूतावास फिर से खोलने पर चर्चा करेंगे। सात साल के बाद कोई सऊदी प्रतिनिधिमंडल ईरान की यात्रा पर पहुंचा है। दोनों देशों के अधिकारी आधिकारिक संबंधों की बहाली, दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को फिर से खोलने और आपसी हितों को मजबूत करने पर चर्चा कर सकते हैं। सऊदी विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी के हवाले से कहा कि यह यात्रा 2016 में टूटे हुए संबंधों को बहाल करने के लिए चीन की मध्यस्थता से दो क्षेत्रीय शक्तियों के बीच 10 मार्च को हुए 'त्रिपक्षीय समझौते को लागू करने' का हिस्सा है। 10 मार्च को ईरान और सऊदी अरब के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक में, ईरान के होसैन अमीर-अब्दोल्लाहियान और सऊदी अरब के राजकुमार फैसल बिन फरहान अल सऊद ने अपने संबंधित देशों में दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को फिर से खोलने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। एसपीए ने कहा कि एक सऊदी प्रतिनिधिमंडल ने तेहरान में विदेश मंत्रालय में ईरान के प्रोटोकॉल प्रमुख से मुलाकात की। गुरुवार को, सऊदी अरब और ईरान ने दो महीने की अवधि के भीतर दोनों देशों में राजनयिक मिशनों को फिर से खोलने पर सहमति व्यक्त की थी, जैसा कि मार्च में सहमति हुई थी। एक संयुक्त बयान के अनुसार, बीजिंग में विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और उनके ईरानी समकक्ष होसैन अमीर अब्दुल्लाहियान के बीच ऐतिहासिक बैठक हुई थी।

बलूचिस्तान में अपहरण, हत्या से नागरिकों में डर का माहौल, पाक मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट में खुलासा

बलूचिस्तान । बलूचिस्तान में पाकिस्तान सेना द्वारा किए जा रहे अत्याचार किसी से छिपे नहीं हैं। बलूचिस्तान से आए दिन लोगो के अपहरण और हत्या की खबरें आती रहती हैं।

वहीं अब पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) की रिपोर्ट ने साफ कर दिया है वहां के नागरिक डर के माहौल में जी रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूचिस्तान प्रांत में लोगों के जबरन गायब होने, आर्थिक बहिष्कार, प्रेस की आजादी पर पाबंदियों से जनता में हताशा बढ़ी है।

एचआरसीपी टीम ने मानवाधिकार रक्षकों, वकीलों, पत्रकारों, और मछुआरा समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ ग्वादर, तुरबत, पंजगुर और क्वेटा में राजनीतिक नेताओं और प्रशासन के सदस्यों सहित नागरिक समाज के सदस्यों से बात की। एचआरसीपी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां के नागरिक असंतोष को दबाने के लिए राज्य द्वारा जबरन लोगों को गायब करने पर चिंतित है।

बलूचिस्तान प्रांत में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति ने पाक सरकार के लिए समस्याओं को और जटिल कर दिया है। शहबाज सरकार पाकिस्तान में चरमराती अर्थव्यवस्था को ठीक करने की कोशिश कर रही है। वहीं पाकिस्तान आतंकवाद की चपेट में है, आतंकवाद खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे ज्यादा है लेकिन बलूचिस्तान, पंजाब और सिंध प्रांत भी आतंकियों के गढ़ हैं।

बलूचिस्तान प्रांत, ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है, जो लंबे समय से हिंसक विद्रोह का सामना करता रहा है। बलूचिस्तान में काफी अस्थिरता है यही कारण है बलूच विद्रोही समूह पहले ही 60 अरब डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाकर कई हमले कर चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के आर्थिक संकट के बीच, बलूचिस्तान प्रांत राजस्व और विकास परियोजनाओं के अपने उचित हिस्से से वंचित है। एचआरसीपी ने देखा कि बलूचिस्तान और पड़ोसी देशों के बीच एक स्वस्थ कानूनी व्यवस्था बिल्कुल खराब है जिससे यहां गरीबी के स्तर को बढ़ा दिया है।

उत्तरी बुर्किना फासो में दो आतंकी हमलों में 44 ग्रामीणों की मौत

औगाडौगौ। उत्तरी बुर्किना फासो के साहेल क्षेत्र में नाइजर सीमा के पास दो आतंकवादी हमलों में कम से कम 44 ग्रामीण मारे गए। एक सरकारी अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है।

इस अधिकारी के मुताबिक आतंकवादियों ने कोराकू और टोंडोबी गांवों को निशाना बनाया। गुरुवार को हुए इन हमलों की अब तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है। कुछ अधिकारियों ने इसके लिए हथियारबंद आतंकी समूहों को जिम्मेदार ठहराया है।

उल्लेखनीय है कि इस इलाके में कुख्यात अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट सक्रिय हैं। साहेल के लेफ्टिनेंट गवर्नर

रोडोल्फ सर्गो ने इन हमलों को घृणित और बर्बर कहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आतंकवादियों ने गुरुवार रातभर गोलियां बरसाईं। सवेरा होने पर गलियों में खून ही खून बिखरा था।

कांगो में इस्लामिक स्टेट के हमले में 20 लोगों की मौत

किंशासा। मध्य अफ्रीकी देश कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के पूर्वी हिस्से में हुए आतंकी हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

हालांकि सेना और अधिकारियों ने हमले के पीछे एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) का हाथ बताया है। एडीएफ पूर्वी कांगो में स्थित युगांडा के लड़ाकों का समूह है। यह लड़ाके इस्लामिक स्टेट के इशारे पर कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। कांगो के अधिकारियों ने बताया कि यह हमला सात अप्रैल को बेनी के बाहरी इलाके के मुसनदाबा गांव में हुआ।

इस्लामिक स्टेट ने अगले दिन अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है। बेनी क्षेत्र के सैन्य प्रशासक कर्नल चार्ल्स ओमेगा ने हमले की पुष्टि की है।

नेपाल की तीन प्रमुख पार्टी के नेताओं ने शांति प्रक्रिया के बाकी काम को खत्म करने पर की चर्चा

काठमांडू। नेपाल की तीन प्रमुख पार्टी के नेताओं ने एक बैठकर संसद में दर्ज तीन अहम विधेयकों को पारित कराने पर चर्चा की है। प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने स्पीकर देवराज घिमिरे के साथ चर्चा की।

आज की चर्चा विशेष कर नेपाल में माओवादियों के हिंसक संघर्ष के बाद शांति प्रक्रिया से जुड़े शेष मुद्दों को अंतिम रूप देने से भी संबंधित थी जिसमें सत्य निरूपण और सुलह आयोग का बिल मुख्य मुद्दा है। जो संसद में दर्ज नहीं किया गया है और आगे नहीं बढ़ाया गया है। इस वजह से संसद चलाने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में मतभेद है।

इसे संसदीय समिति के पास ले जाना है या फास्ट ट्रैक के माध्यम से सीधे पूर्ण सदन द्वारा तय किया जाना है, इस पर मतभेद है। बैठक के बाद प्रधानमंत्री प्रचंड ने बताया कि सदन में सत्य निरुपण और सुलह आयोग विधेयक के तकनीकी हिस्से पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि वे फास्ट ट्रैक के जरिए विधेयक को पूरे सदन से पारित कराने के पक्ष में हैं और विपक्ष इसे संसदीय समिति से पारित कराने के पक्ष में है, इसलिए बीच का रास्ता निकाला जा सकता है।

यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने कहा कि फास्ट ट्रैक के जरिए इसे किया जाए या नहीं, इस पर आगे चर्चा होगी। उन्होंने इस बात को दोहराया कि संसदीय समिति के पास जाकर ही सच बोलने के मुद्दे को आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने कहा कि नेताओं के बीच सामान्य बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि वह बात करके आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि वे 11 अप्रैल को फिर से बैठेंगे और एक समझौते पर पहुंचेंगे।

Singapore में शॉपिंग मॉल के बाहर भारतीय मूल के युवक को सीढ़ियों से धक्का दिया, मौत

सिंगापुर। सिंगापुर में एक शॉपिंग मॉल के बाहर एक व्यक्ति ने भारतीय मूल के एक युवक को धक्का दे दिया, जिससे सीढ़ियों से नीचे गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। 'द स्ट्रेट टाइम्स' अखबार में प्रकाशित एक खबर के मुताबिक, 34 वर्षीय थेवेंद्रन षणमुगम को पिछले महीने ऑर्चर्ड रोड स्थित कॉनकॉर्ड शॉपिंग मॉल में एक व्यक्ति ने सीढ़ियों से नीचे धकेल दिया था। खबर के अनुसार, सीढ़ियों से गिरने के कारण षणमुगम की खोपड़ी में कई फ्रैक्चर हुए थे। उनका एक स्थानीय अस्पताल में उपचार किया जा रहा था, जहां उन्होंने शुक्रवार को अंतिम सांस ली।खबर के मुताबिक, षणमुगम का शुक्रवार शाम को मंदाई श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। खबर के अनुसार, षणमुगम को धक्का देने वाले मुहम्मद अजफरी अब्दुल काहा (27) पर किसी व्यक्ति को जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि, अदालत में पेश दस्तावेजों से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि षणमुगम और काहा एक-दूसरे को जानते थे या नहीं। 'द स्ट्रेट टाइम्स' में प्रकाशित खबर के मुताबिक, दोषी करार दिए जाने पर काहा को दस साल तक की जेल के साथ-साथ कोड़े मारने या जुर्माने की सजा दी जा सकती है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, काहा पर यह मुकदमा ऐसे समय में दर्ज किया गया है, जब अन्य अपराधों में सजा सुनाए जाने के बाद वह क्षमा आदेश के तहत जेल से बाहर था।

पूर्व प्रधानमंत्री झलनाथ खनाल माधव नेपाल नेतृत्व की सीपीएन (यूएस) छोड़ने की तैयारी में

काठमांडू। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री झलनाथ खनाल ने अपनी पार्टी सीपीएन (यूएस) छोड़ने की तैयारी कर ली है। इस बात का खुलासा काठमांडू में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीपीएन (यूएस) छोड़ने की घोषणा करने वाले मुकुंद न्यौपाने ने किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री झलनाथ खनाल भी पार्टी छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। न्यौपाने ने कहा कि झलनाथ खनाल भी माधव नेपाल का साथ छोड़कर केपी शर्मा ओली का हाथ थामेंगे। उन्होंने कहा कि ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) में सम्मानजनक पद मिलने पर वह जाएंगे। इसके लिए वह विभिन्न माध्यमों से बात कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक माधव नेपाल भी समझ चुके हैं कि झलनाथ खनाल पार्टी छोड़नेकी तैयारी कर रहे हैं। उसी के मुताबिक वे भी तैयारी कर रहे हैं। नेता नेपाल और झलनाथ खनाल के बीच कुछ दिनों से दूरियां बढ़ रही है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल

दहल के नेतृत्व वाली सरकार में उनके करीबी लोगों को शामिल नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी दिखानी शुरू कर दी । पिछले साल 20 नवंबर, 2022 के संसदीय चुनावों में खनाल इलम से हार गए थे। वे राष्ट्रपति पद के दावेदार थे। हालांकि, माधव नेपाल ने उनका ज्यादा साथ नहीं दिया। यूएमएल से अलग हुए एसपीएन यूएस के पास संसद में 10 सीटें हैं। हालांकि माधव नेपाल को भरोसा है कि इसी सीट के बल पर वे प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह कहना शुरू कर दिया है कि उनका महत्व और जरूरतें बढ़ गई हैं।

दक्षिणी थाईलैंड में गोलीबारी, चार लोगों की मौत, संदिग्ध हमलावर की तलाश जारी

थाईलैंड। थाईलैंड में गोलीबारी की घटना हुई है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, दक्षिणी थाईलैंड के सुरत थानी प्रांत के खीरी रैट निखोम जिले में शनिवार शाम को गोलीबारी की घटना हुई। फिलहाल संदिग्ध हमलावर की तलाश जारी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी की घटना एक पूर्व ग्राम प्रधान के आवास के पास हुई। बता दें, थाईलैंड में लोगों के बंदूक रखना आम बात है। पिछले कुछ महीनों में देश में हिंसक घटनाओं में वृद्धि देखने को मिली है। पिछले साल अक्तूबर में एक पूर्व पुलिसकर्मी ने 36 लोगों की गोली मारकर हत्या दी थी, जिनमें 24 बच्चे थे। बीते मार्च में भी गोलीबारी की घटना में तीन लोग मारे गए थे।

उत्तर कोरिया ने समुद्र में किया एक और एटमी ड्रोन का परीक्षण

उत्तर कोरिया ने दावा किया कि उसने पानी के नीचे परमाणु हथियार से हमला करने में सक्षम एक और ड्रोन का परीक्षण किया है।

फिलहाल संदिग्ध हमलावर की तलाश जारी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी की घटना एक पूर्व ग्राम प्रधान के आवास के पास हुई।

इस ड्रोन को ऐसे डिजाइन किया गया है कि यह नौसेना के पोतों को तबाह कर सकता है। चार दिन चले इस परीक्षण की खबर अमेरिका, दक्षिण कोरिया व जापान के परमाणु संबंधी दूतों की दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हुई बैठक के एक दिन बाद आई है।

ताइवान के आसपास दिखे चीन के 71 सैन्य विमान और नौ जहाज, अमेरिका बोला- युद्धाभ्यास पर है हमारी नजर

ओटावा। ताइवान की राष्ट्रपति के अमेरिकी दौरे से चीन और ताइवान में तनाव काफी बढ़ गया है। ताइवान के मीडिया का दावा है कि चीन के 71 सैन्य विमान और 9 जहाज ताइवान की सीमा के आसपास दिखाई दिए हैं। ताइवान के मिनिस्टरी ऑफ नेशनल डिफेंस का कहना है कि 45 विमानों ने ताइवान की ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन की अमेरिका यात्रा और वहां अमेरिका के निचले सदन के सभापति से मुलाकात के बाद आया है।

क्या है ताइवान को लेकर विवाद

ताइवान एक द्विपीय देश है और चीन के दक्षिणी पूर्वी तट से करीब 100 मील दूर स्थित है। चीन, ताइवान को अपना ही एक प्रांत मानता है। यही वजह है कि चीन ताइवान के किसी अन्य देशों से रिश्तों को लेकर सहज नहीं रहता। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग कह चुके हैं कि ताइवान का चीन के साथ एकीकरण होकर रहेगा। वहीं ताइवान खुद को एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है, जिसका अपना संविधान और चुनी हुई सरकार है।

दुनिया के लिए क्यों अहम है ताइवान?

हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में अपना दबदबा बनाने के लिहाज से भी ताइवान की भौगोलिक स्थित बेहद अहम है। यही वजह है कि अमेरिका चाहता है कि ताइवान आजाद रहे, जिससे चीन का इस क्षेत्र में प्रभुत्व कायम ना हो सके। साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी ताइवान अहम है। आज इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का जमाना है और इन गैजेट्स जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप, घड़ियों और गेमिंग उपकरणों में जो चिप लगती है, उनमें से ज्यादातर चिप का निर्माण ताइवान में होता है। वन मेजर कंपनी दुनिया के कुल चिप निर्माण में से आधे का निर्माण करती है और यह कंपनी ताइवान की है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर ताइवान पर चीन कब्जा कर लेता है तो दुनिया के लिए बेहद अहम चिप उद्योग पर भी चीन का दबदबा कायम हो जाएगा। अमेरिका यकीनन ये नहीं चाहेगा। यही वजह है कि अमेरिका लगातार ताइवान के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने में जुटा है और चीन लगातार ताइवान पर दबान बनाकर उसे डराने की कोशिश कर रहा है।

क्या है ताइवान का इतिहास

दूसरे विश्वयुद्ध के बाद चीन में कम्युनिस्ट पार्टी और वहां की सत्ताधारी नेशनलिस्ट पार्टी (कुओमिंतांग) के बीच लड़ाई चल रही थी।

1949 में माओत्से तुंग के नेतृत्व में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी जीत गई और उन्होंने बीजिंग पर कब्जा कर लिया। वहीं हार के बाद कुओमिंतांग के लोग चीन की मुख्य भूमि को छोड़कर दक्षिणी पश्चिमी द्वीप ताइवान चले गए। कुओमिंतांग ने ही ताइवान में सत्ता कायम की और अधिकतर समय ताइवान में इसी पार्टी का शासन रहा है। यही वजह है कि ताइवान खुद को अलग देश मानता है और चीन का दावा है कि ताइवान उन्हीं का हिस्सा है।

सीरिया से इस्त्राइल की ओर फिर दागे गए तीन रॉकेट, इस्त्राइली सेना ने हमले को किया नाकाम

इस्त्राइली। इस्त्राइली सेना ने कहा, सीरिया से उसके सीमा क्षेत्र की ओर तीन और रॉकेट दागे गए, जिसे सीमा में घुसने से पहले ही इंटरसेप्ट कर मार गिराया गया। इससे पहले भी सीरिया की ओर से तीन रॉकेट दागे गए थे। इस तरह 24 घंटे के भीतर इस्त्राइल की ओर कुल छह रॉकेट दागी गई। इस्त्राइल की सेना ने कहा कि उसने सीरिया से किए गए हमले का जवाब दिया है।

यरुशलम में तनाव को लेकर कई मोर्चों पर बढ़ती हिंसा और इस्त्राइली शहर के सबसे संवेदनशील पवित्र स्थल पर पुलिस के छापे के बाद रॉकेट दागे गए। सेना ने कहा कि दूसरे बैराज

में, दो रॉकेट इस्त्राइल की सीमा पार कर गए, जिनमें से एक को रोक दिया गया और दूसरा एक खुले क्षेत्र में गिर गया। पहले हमले में, एक रॉकेट इस्त्राइल-एनेक्स्ड गोलन हाइट्स के एक मैदान में गिरा। जॉर्डन की सेना ने बताया कि एक और नष्ट मिसाइल के टुकड़े सीरियाई सीमा के पास जॉर्डन के इलाके में गिरे। इस बीच, सीरियाई शासन के प्रति वफादार एक दमिश्क-आधारित फिलिस्तीनी समूह ने इस्त्राइल पर तीन मिसाइलों को लॉन्च करने की जिम्मेदारी ली। रिपोर्ट में अल-कुद्स ब्रिगेड के हवाले से कहा गया है, जो एक समान नाम वाले बड़े फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सशस्त्र विंग से अलग एक मिलिशिया है, जिसने अल-अक्सा मस्जिद पर पुलिस के छापे का जवाब देने के लिए रॉकेट दागे।

इमरान खान की याचिका पर 12 अप्रैल को सुनवाई, अयोग्य करार देने के फैसले को दी है चुनौती

लाहौर। लाहौर हाईकोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ तोशखाना भ्रष्टाचार मामले की बहुप्रतीक्षित सुनवाई के लिए 12 अप्रैल की तारीख तय की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, न्यायमूर्ति शाहिद बिलाल हसन की अध्यक्षता वाली लाहौर हाईकोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट दोनों पक्षों को अपनी दलीलें पेश करने की अनुमति देगी। पाकिस्तान में तोशाखाना एक सरकारी विभाग है, जहां अन्य सरकारों के प्रमुखों, विदेशी हस्तियों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है। इमरान खान पर तोशाखाने में रखे गए तोहफों (जिसमें उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री होने के नाते मिली एक महंगी घड़ी भी शामिल है) को कम दाम पर खरीदने और फिर उन्हें बेचकर लाभ कमाने का आरोप है। इमरान खान को बिक्री का विवरण साझा नहीं करने के कारण उन्हें पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा अयोग्य घोषित कर दिया गया था। चुनाव निकाय ने बाद में देश के प्रधानमंत्री के रूप में प्राप्त उपहारों को बेचने के लिए आपराधिक कानूनों के तहत उन्हें दंडित करने के लिए जिला अदालत में शिकायत दर्ज की। 18 मार्च को इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर के बाहर तीव्र झड़पें हुईं, जब खान लाहौर से तोशखाना मामले में बहुप्रतीक्षित सुनवाई में भाग लेने पहुंचे। क्रिकेटर से राजनेता बने खान को पिछले साल अप्रैल में अविश्वास मत हारने के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, वह नेशनल असेंबली द्वारा मतदान के बाद बाहर होने वाले पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बने।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।